रविवार, 3 मई 2026
ज्यैष्ठ, कृ.प., द्वितीया, विक्रमीय संवत् 2083
मूल्य Rs. 4, (कोलकाता Rs. 3)
वर्ष : 21, संख्या : 149, पृष्ठ-8
कोलकाता
RNI No. WBHIN/2005/16483
www.bharatmitranews.com

# भारतमित्र

प्रथम प्रकाशन 1878



पुनर्मतदान में लंबी कतारें मतदाताओं में दिखा उत्साह
पेज-3



देशभर में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा होने पर मिलेगी सूचना
पेज-5




मतगणना कल, गिनती से पहले बाजारों में दिखा चुनावी रंग
पेज-6



पाकिस्तानी बोले वैभव के बैट में एआई चिप लगी है
पेज-8

BHARATMITRA, KOLKATA, SUNDAY, 3 MAY 2026

# तृणमूल को सुप्रीम झटका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 4 मई को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों के रूप में केवल केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मचारियों को नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इससे तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी ने शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर राज्य सरकार द्वारा नामित व्यक्तियों को मतगणना पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने की मांग की थी, और आरोप लगाया था कि इस मांग को अस्वीकार किया जा रहा है।

पार्टी ने तर्क दिया कि केंद्र सरकार के कर्मचारी केंद्र में सत्तारूढ़ दल से प्रभावित हो सकते हैं, जिससे मतगणना के दौरान निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को अपने



अधिकारियों को चुनने का अधिकार है और केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले परिपत्र को इस आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयोग के वकील के इस बयान को दर्ज करने के अलावा और किसी निर्देश की आवश्यकता नहीं है कि परिपत्र को अक्षरशः लागू किया जाएगा। न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयोग के वकील के इस बयान को दर्ज करने के अलावा और किसी निर्देश की आवश्यकता नहीं है कि परिपत्र को अक्षरशः लागू किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र का पालन कर रहा है और स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था पारस्परिक है- जहां मतगणना पर्यवेक्षक केंद्र सरकार से है, वहीं मतगणना सहायक राज्य सरकार से है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक मतगणना केंद्र पर कम से कम एक राज्य सरकारी अधिकारी मौजूद रहे। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के बाद, टीएमसी ने अपना रुख बदल दिया और परिपत्र के कार्यान्वयन की मांग करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को अपने परिपत्र के अनुसार राज्य सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति करनी चाहिए।

मतगणना के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को लेकर निर्वाचन आयोग के परिपत्र पर उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस दोनों ने शनिवार को स्वागत किया और दोनों ने इसे अपने पक्ष में बताया।

## हम 200 से ज्यादा सीटें जीतेंगे : ममता

**कोलकाता, नि.सं।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को विश्वास जताया कि टीएमसी मौजूदा विधानसभा चुनावों में विजयी होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतगणना अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज कर दिया और उन्हें शेयर बाजार में हेरफेर करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि हम जीत रहे हैं और 200 से अधिक सीटों से जीत रहे हैं। एग्जिट पोल शेयर बाजार में हेरफेर करने का एक मात्र प्रयास है। उन्होंने 2021, 2024 और अब भी ऐसा ही किया है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ बर्बरता करने का आरोप लगाया और आश्वासन दिया कि पीड़ितों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी सीएपीएफ की बर्बरता का शिकार हुए लोगों को पुरस्कृत करेगी। उनके ये बयान दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीटों पर चल रहे पुनर्मतदान के बीच आए हैं। भाजपा के पश्चिम बंगाल सह-प्रभारी अमित मालवीय ने आरोप लगाया था कि राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे



चरण के दौरान डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के फाल्टा में कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पार्टी उम्मीदवार चुनने से रोका गया था। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में चल रहे पुनर्मतदान के बीच शनिवार दोपहर 3 बजे तक मगरहटाट पश्चिम विधानसभा के 11 मतदान केंद्रों पर 72.5त्न मतदान हुआ, जबकि डायमंड हार्बर विधानसभा के 4 मतदान केंद्रों पर 72.36त्न मतदान दर्ज किया गया। इस तरह कुल मतदान 72.43त्न रहा।मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा को रोकने के लिए मतदान केंद्रों के पास त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) के जवान तैनात किए गए हैं। सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जबकि कोलकाता चुनाव आयोग कार्यालय से निगरानी की जा रही है। इस बीच, एग्जिट पोल के आंकड़ों ने पश्चिम बंगाल में एक दिलचस्प मुकाबले का संकेत दिया है, जिसमें अधिकांश अनुमानों में भाजपा आगे चल रही है। चाणक्य स्ट्रैटेजीज ने पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों में से भाजपा के 150-160 सीटें जीतने और बहुमत हासिल करने का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को 30-40 सीटें मिलेंगी और अन्य दलों को छह से दस सीटें मिलेंगी।

## पूर्व डीजी राजीव कुमार को तृणमूल ने मतगणना पर्यवेक्षक बनाया

**कोलकाता, नि.सं।** पश्चिम बंगाल के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, जो अब तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद हैं, को पार्टी ने विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें दमदम-बैरकपुर सांगठनिक जिले का गणना पर्यवेक्षक बनाया गया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को काउंटिंग एजेंटों के साथ बैठक में राज्यभर के सांगठनिक जिलों के लिए गणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति का निर्णय लिया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में अलग-अलग जिलों के लिए पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी तय की गई। इसी दौरान अभिषेक बनर्जी ने विशेष रूप से राजीव कुमार की भूमिका का उल्लेख किया। इसके अलावा, घाटाल सांगठनिक जिले की जिम्मेदारी अभिनेता-सांसद दीपक अधिकारी (देव) को




और मेदिनीपुर जिले की जिम्मेदारी जून मालिया को दी गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा

### दमदम-बैरकपुर की जिम्मेदारी

चुनाव में भी तृणमूल ने कुछ सीटों पर विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे। उस समय तामलुक में राजीव बनर्जी, आरामबाग में शांतनु सेन और बांकुड़ा में समीर चक्रवर्ती को जिम्मेदारी दी गई थी। इस बार भी पार्टी ने उसी रणनीति को अपनाया है। शनिवार की बैठक का मुख्य उद्देश्य मतगणना के दिन की रणनीति काउंटिंग एजेंटों तक पहुंचाना था। साथ ही, पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया कि एग्जिट पोल से उनका मनोबल कमजोर नहीं होना चाहिए। तृणमूल सूत्रों का कहना है कि बैठक में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए एग्जिट पोल में भाजपा को आगे दिखाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राजीव कुमार 31 जनवरी को राज्य पुलिस के डीजी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद 27 फरवरी को तृणमूल ने उन्हें राज्यसभा भेजने की घोषणा की और सात मार्च को उन्होंने सांसद के रूप में शपथ ली। अब उन्हें पहली बार पार्टी की ओर से सांगठनिक जिम्मेदारी दी गई है।

## पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**पुलवामा,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के राजपोरा में सुरक्षाबलों ने शनिवार को संयुक्त सर्च अभियान के दौरान एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह अभियान पुलवामा पुलिस ने सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183 बटालियन के समन्वय से विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर चलाया। संयुक्त टीम ने राजपोरा में सीबी नाथ रोड के किनारे कस्बायार इलाके में तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान काचीपोरा निवासी मोहम्मद उमर मलिक नामक एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने उसके पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की, जिनमें एक पिस्तौल, मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हथगोले शामिल हैं।

## फलता मामले पर चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, (हि.स.)।** दक्षिण 24 परगना के फलता विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को एक बार फिर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। जहां एक ओर डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम के 15 बूथों पर पुनर्मतदान हो रहा है, वहीं फलता को इस सूची में शामिल नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। शनिवार को स्थानीय लोगों के प्रदर्शन की वजह से पूरा क्षेत्र अशांत हो उठा। चुनाव आयोग ने इस पूरे प्रकरण पर स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट तलब की है। ग्रामीणों के एक वर्ग का आरोप है कि भाजपा को वोट देने के कारण तृणमूल समर्थित लोगों द्वारा उन्हें घर-घर जाकर धमकाया जा रहा है। इस मामले में तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान का नाम भी सामने आया है। आरोप है कि उनके करीबी पंचायत प्रधान इसराफिल सरदार के नेतृत्व में धमकियां दी जा रही हैं। इसके विरोध में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय



राजमार्ग-17 को जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इसराफिल की गिरफ्तारी और फलता में पुनर्मतदान कराने की मांग की है। कुछ लोगों ने जहांगीर खान की गिरफ्तारी की भी मांग उठाई। गौरतलब है कि शुक्रवार से ही इलाके में तनाव बना हुआ है। हाशिमनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप के बाद स्थिति पहले ही गरम थी। भाजपा समर्थकों का आरोप है कि उन्हें मतदान नहीं करने दिया गया और विरोध करने पर हमला किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डायमंड हार्बर पुलिस जिले के पर्यवेक्षक अजयपाल शर्मा मौके पर पहुंचे। फलता थाने की पुलिस और केंद्रीय बल भी तैनात किए गए हैं। हालांकि, शनिवार को एक बार फिर तनाव भड़क उठा। प्रदर्शनकारियों ने राज्य पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए और कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। कुछ लोगों ने पुलिस पर लाठीचार्ज का भी आरोप लगाया, हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। दूसरे चरण के मतदान के बाद से ही फलता में लगातार तनाव बना हुआ है। कई बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप भी लगे थे। विपक्षी दलों ने 32 बूथों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के निर्देश पर विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने स्थिति की समीक्षा कर आयोग को अपनी रिपोर्ट भेजी है, जिसमें करीब 30 बूथों पर पुनर्मतदान की सिफारिश की गई है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। फिलहाल, क्षेत्र में पुलिस और केंद्रीय बल की मौजूदगी के बीच स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## कांकेर में आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट, चार जवान शहीद

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद पर छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदनार गांव के पास के जंगल में शनिवार को डी-माइनिंग और एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इसमें सुरक्षा बल के चार चार जवान बलिदान हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।

## सिंगुर में भीषण सड़क हादसा, कार में जिंदा जलकर चालक की मौत

**हुगली, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के सिंगुर के गोपालनगर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर शनिवार तड़के एक भयावह सड़क दुर्घटना में कार चालक की जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, डानकुनी की ओर जाने वाली लेन में पहले दो चलती डंपरों के बीच टक्कर हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। इस हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। कुछ देर बाद एक बालू से लदा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रही एक कार के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। देखते ही देखते कार राष्ट्रीय राजमार्ग पर धू-धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत दमकल को सूचना दी। दमकल की टीम पहुंचकर आग बुझाने में जुटी, लेकिन तब तक कार के अंदर फंसे चालक की जलकर मौत हो चुकी थी। इससे पहले डंपरों की टक्कर में घायल व्यक्ति को बचाकर सिंगुर ट्रॉमा केयर सेंटर भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मृत चालक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात में एक के बाद एक कई वाहनों की टक्कर हुई और एक कार में आग लग गई। कार के अंदर फंसा व्यक्ति बाहर नहीं निकल सका और आग में झुलसकर उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी इसी इलाके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी, जब गया से लौट रहे एक वाहन ने खड़े डंपर को टक्कर मार दी थी।

## बंगाल में 165 काउंटिंग ऑब्जर्वर और 77 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त

**कोलकाता, नि.सं।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले निर्वाचन आयोग ने व्यवस्था को और सख्त करते हुए अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने कुल 242 पर्यवेक्षकों को तैनात किया है, जिनमें 165 अतिरिक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर और 77 पुलिस पर्यवेक्षक शामिल हैं। दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, अतिरिक्त काउंटिंग ऑब्जर्वरों को उन विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। इनका काम पहले से नियुक्त पर्यवेक्षकों की सहायता करना और मतगणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित कराना होगा। इसके अलावा प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए एक-एक पुलिस पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। इनका दायित्व मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी करना होगा। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पुलिस पर्यवेक्षक किसी भी परिस्थिति में मतगणना कक्ष के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्हें अन्य चुनाव अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर काम करना होगा। आयोग ने यह भी याद दिलाया है कि काउंटिंग ऑब्जर्वर और रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को मोबाइल फोन के साथ मतगणना केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के दौरान परिणाम फॉर्म-17सी-दो में दर्ज किए जाएंगे, जिसे काउंटिंग सुपरवाइजर तैयार करेंगे। काउंटिंग एजेंट वहां मौजूद रहेंगे और उस पर हस्ताक्षर करेंगे। उल्लेखनीय है कि, मतगणना को लेकर आयोग की सक्रियता पहले से ही चर्चा में है। हाल के दिनों में आयोग ने राज्य के कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को उनके पदों से हटाकर नए अधिकारियों की नियुक्ति भी की है। इस मुद्दे पर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर असंतोष भी जताया है।

**बात पते की ...** श्याम जगोता




# देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एक साथ बजा सायरन

**नयी दिल्ली, एजेंसी ।** देश भर में शनिवार सुबह 11-45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया।

शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एकसाथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया। यह मैसेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया। मैसेज में बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई




एक्शन लेने की जरूरत नहीं है। सरकार ने दो दिन पहले ही मैसेज भेजकर लोगों से अपील की थी कि इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल के दौरान यानी टेस्टिंग वाला मैसेज मिलने पर घबराएं नहीं। शनिवार का मैसेज केवल इमरजेंसी के हालात में चेतावनी देने वाले सिस्टम की जांच के लिए भेजा

- सरकार ने किया इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का परीक्षण
- अब तक 134 अरब से ज्यादा अलर्ट भेजे जा चुके

गया था। इमरजेंसी की स्थिति में लोगों को रियल टाइम अलर्ट देने के लिए सरकारी संस्था सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी -डॉट ) ने इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम %सचेत' को विकसित किया है। सचेत नाम का यह सिस्टम कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) पर आधारित है। इसे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव कर दिया गया है।

एनडीएमए ने मोबाइल एसएमएस को सेल ब्रॉडकास्ट (सीबी ) तकनीक से जोड़ा है। इससे चुने गए इलाके में एक्टिव सभी मोबाइल फोन पर एक साथ अलर्ट मिलेगा। इससे इमरजेंसी के समय रियल टाइम सूचना पहुंच सकेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सिस्टम के जरिए अलग-अलग प्राकृतिक आपदाओं जैसे मौसम में बदलाव और चक्रवात के अलर्ट दिए जा चुके हैं। अब तक 19 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 134 अरब से ज्यादा एसएमएस अलर्ट भेजे जा चुके हैं। इस सिस्टम का इस्तेमाल हर इमरजेंसी सिचुएशन में लोगों को तुरंत चेतावनी देने के लिए किया जा सकता है।

# ममता बनर्जी की विदाई तय : राजू बिष्ट

**सिलीगुड़ी,** । पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों को लेकर भारतीय जनता पार्टी सांसद राजू बिष्ट ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस को नकार चुकी है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विदाई अब तय है। शनिवार को दिए गए बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी निराशा में कभी हाई कोर्ट तो कभी सुप्रीम कोर्ट का रुख कर रही हैं।

जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 19 ए का हवाला देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि चुनाव घोषित होने के बाद उसके संचालन की जिम्मेदारी पूरी तरह चुनाव आयोग की होती है।



बिष्ट ने दावा किया कि इस बार चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव करा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में इस बार चुनावों में हिंसा बहुत कम हुई है।

आयोग ने सभी कमियों को सुधारते हुए सफलतापूर्वक चुनाव प्रक्रिया को संभाला है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि हार की आशंका के चलते तृणमूल कांग्रेस के नेता अपनी भाषा की मर्यादा खो रहे हैं।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**सिलीगुड़ी,** । बारिश भरी रात में फिसलन भरी सडक़ पर ट्रक चलाते समय बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार देर रात ईस्टर्न बाईपास इलाके में एक मालवाहक ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके बाद ट्रक सडक़ के डिवाइडर पर चढ़ गया।बताया जा रहा है कि ट्रक के आगे के दोनों पहिए डिवाइडर के ऊपर फंस गए, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया। आसपास के लोग



तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की। हादसे के काफी देर बाद तक चालक ट्रक के अंदर ही मौजूद था। बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में भी दिक्कतें आई। हालांकि राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी तरह की बड़ी जनहानि नहीं हुई है और चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। फिलहाल ट्रक को डिवाइडर से नीचे उतारने की कोशिश जारी है।

# नशामुक्ति केंद्र में युवक की मौत पर हंगामा, तोड़फोड़

**दक्षिण दिनाजपुर,** । जिले के बालुरघाट में एक गैर सरकारी नशामुक्ति केंद्र में भर्ती एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर शनिवार को सामने आई है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान इसराफुल हक (26) के रूप में हुई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि केंद्र के भीतर उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या की गई। मृतक चोपड़ा का रहने वाला था। परिवार के अनुसार, 27 अप्रैल को उसे नशे की लत से उबारने के लिए इस केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों को उम्मीद थी कि वह ठीक होकर घर लौटेगा, लेकिन यह उम्मीद दर्दनाक घटना में बदल गई। केंद्र की ओर से परिवार को फोन कर बताया गया कि युवक की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में कहा गया कि उसे हार्ट अटैक आया है। लेकिन जब परिवार बालुरघाट पहुंचा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# मालदा में मतगणना प्रक्रिया को लेकर सर्वदलीय बैठक, प्रशासन का कड़ा संदेश

**मालदा,** । चुनाव के बाद मतगणना केंद्रों की सुरक्षा और नियमों को लेकर शनिवार को मालदा में जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासनिक भवन में हुई इस बैठक में जिलाधिकारी राजनबीर सिंह कपूर और पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में मालदा के दो मतगणना केंद्र–मालदा कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज–से जुड़ी अहम गाइडलाइंस साझा की गई। प्रशासन के अनुसार, मालदा कॉलेज में पांच और पॉलिटेक्निक केंद्र में सात विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी। निर्देश दिया गया कि सुबह सात बजे तक सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्धारित प्रवेश द्वार से ही केंद्र में प्रवेश करना होगा। प्रवेश के समय चुनाव आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र और जरूरी दस्तावेज दिखाना अनिवार्य रहेगा। बैठक के दौरान ड्रोन से ली गई तस्वीरों को बड़े स्क्रीन पर दिखाकर प्रवेश और निकास

व्यवस्था भी समझाई गई। प्रशासन ने पार्किंग, शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जानकारी भी दी।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि मतगणना के बाद किसी भी तरह की हिंसा या अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे जिले में कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# हादसे का शिकार हुआ एम्बुलेंस, अंदर फंसा रहा मरीज

**सिलीगुड़ी,**। फुलबाड़ी में एक एम्बुलेंस सडक़ हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर मौजूद गंभीर मरीज फंस गया, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया। जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस बिहार के भागलपुर से एक मरीज को लेकर सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल आ रहा था। शनिवार दोपहर महानंदा बैराज पार करने के बाद एम्बुलेंस का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप वैन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मरीज अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दूसरे एम्बुलेंस की व्यवस्था कर घायल मरीज को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मीडियाकर्मियों के कुंभ में मंथन को जुटे देशभर के पत्रकार

**आबूराज/कोलकाता।** राजस्थान के माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय 'ज्ञान सरोवर' में 'वैश्विक शांति की आवश्यकता एवं मीडिया की भूमिका' विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के हजारों पत्रकार विश्व मे शांति की स्थापना के मंथन के लिए जुटे।

साथ ही आंतरिक शक्ति बढ़ाने के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी हुआ। इस दौरान बीके युगरतन ने प्रस्तुत किया। स्वागत नृत्य आगरा की काजोल डांस एकेडमी ने प्रस्तुत किया। राजयोगिनी




बीके सुदेश, बीके करुणा, बीके शीलू व बीके सरला के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की।

इसके साथ ही मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वय ब्रह्माकुमार निकुंज, मीडिया विंग की उपाध्यक्ष बीके सरला दीदी, मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वय ब्रह्माकुमार शांतनु भाई, अंतरराष्ट्रीय शांति पहल की महानिदेशक और ग्लोबल हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर की जनसंपर्क व आध्यात्मिक सलाहकार डॉ बीके बिन्नी बहन, माउंट आबू स्थित ज्ञान सरोवर की डायरेक्टर बीके प्रभा दीदी, ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय कॉर्डिनेटर बीके चंदा दीदी सहित अन्य गणमान्य ने अपनी बातों को रखा।

# एटक में कई पदाधिकारियों का सामूहिक इस्तीफा

**आसनसोल** । कोलियरी मजदूर सभा (एटक) में संगठनात्मक असंतोष खुलकर सामने आ गया है। पूर्व श्रीपुर क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं से जुड़े कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व पर उपेक्षा, तानाशाही रवैये और संगठनात्मक निर्णयों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम से यूनियन के भीतर गहरा संकट पैदा हो गया है।इस्तीफा देने वाले नेताओं का आरोप है कि समिति की बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों को संबंधित अधिकारियों तक नहीं पहुंचाया गया। कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद उन निर्णयों को लागू नहीं किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी लगातार बढ़ती गई।पदाधिकारियों ने केंद्रीय नेतृत्व पर दमनकारी और उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया है। इस्तीफा पत्र में कहा गया है कि वर्षों तक संगठन की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान और सहयोग मिलने के बजाय मानसिक पीड़ा और अपमान का सामना करना पड़ा। इससे संगठन के प्रति उनका विश्वास कमजोर हुआ है। सामूहिक इस्तीफा देने वालों में श्रीपुर क्षेत्र कार्यालय, भनोरा वेस्ट ब्लॉक शाखा, निंघा कोलियरी शाखा, गिरीमिंट कोलियरी शाखा और कालीपहाड़ी कोलियरी शाखा के कई सदस्य शामिल हैं।

# 12 एमटी सीएचपी साइलो पहुंचे पूर्व रेलवे के अधिकारी

**दुर्गापुर** । ईस्टर्न रेलवे, आसनसोल डिवीज़न की एक उच्चस्तरीय टीम–जिसमें डीआरएम श्री संग्रह मौर्य, सीनियर डीओएम श्री राजेश कुमार और सीनियर डीसीएम श्री मार्शल ए. सिल्वा शामिल थे–ने 1 मई 2016 को सोनपुर बाजारी स्थित 12 एमटी सीएचपी साइलो का दौरा किया।

आगंतुक टीम का स्वागत सोनपुर बाजारी के जनरल मैनेजर श्री आनंद मोहन द्वारा गर्मजोशी से किया गया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने साइलो में चल रहे कोयला लोडिंग ऑपरेशन का बारीकी से निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली को समझा। इस अवसर पर पूर्व रेलवे और ईसीएल की टीमों के बीच विभिन्न ऑपरेशनल पहलुओं, चुनौतियों तथा दैनिक लोडिंग प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। यह संवाद अनुभवों और जानकारियों के




आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ, जिससे कार्यक्षमता बढ़ाने के नए रास्ते तलाशे जा सके।

# कोलकाता मेट्रो ने मिलाया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,मद्रास से हाथ

## एलआईएम आधारित प्रणोदन प्रौद्योगिकी के विकास

**कोलकाता ।** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने मेट्रो रेल अनुप्रयोगों के लिए लीनियर इंडक्शन मोटर (एलआईएम) आधारित प्रणोदन प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य भारतीय परिस्थितियों में एलआईएम प्रौद्योगिकी की तकनीकी व्यवहार्यता, परिचालन प्रदर्शन और जीवनचक्र लागत के निहितार्थों का परीक्षण करना है। इस सहयोग में एक पायलट परियोजना की परिकल्पना की गई है जिसमें क्षेत्र स्तर पर सत्यापन और परिचालन डेटा के उत्पादन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक मेट्रो मोटर कोच का रेट्रोफिट शामिल है। यह अध्ययन विशिष्ट कॉरिडोर स्थितियों के लिए एलआईएम प्रणालियों की उपयुक्तता का भी आकलन करेगा, जिसमें तंग वक्र और तीव्र ढलान वाले संरेखण शामिल हैं। इस पहल से उन्नत शहरी रेल प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने और मेट्रो रेल क्षेत्र में नवाचार-आधारित विकास को बढ़ावा देने में योगदान मिलने की उम्मीद है। परियोजना के परिणाम देश भर में भविष्य की मेट्रो परियोजनाओं में वैकल्पिक प्रणोदन प्रणालियों को अपनाने की संभावना के लिए साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में सहायक होंगे।

# दुर्गापुर स्ट्रांगरूम में बढ़ाई गई सुरक्षा, कड़ी निगरानी जारी



**दुर्गापुर ।** राज्य में विधानसभा चुनाव के दो चरण पूरे हो चुके हैं, लेकिन दक्षिण 24 परगना के दो विधानसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम के 15 बूथों पर पुनः मतदान जारी है। इस बीच ममता बनर्जी द्वारा स्ट्रांगरूम की सुरक्षा पर सवाल उठाए जाने के बाद राज्य की राजनीति गर्मा गई है। इधर, प्रशासनिक निगरानी के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी राज्यभर के स्ट्रांगरूम पर नजर बनाए हुए हैं। दुर्गापुर में गवर्नमेंट कॉलेज को स्ट्रांगरूम बनाया गया है, जहां पांडवेश्वर और दुर्गापुर पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम की मशीनें सुरक्षित रखी गई हैं। स्ट्रांगरूम को लेकर राजनीतिक दबाव को देखते हुए प्रशासन ने यहां भी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। स्ट्रांगरूम को पहले से ही केंद्रीय बलों की कड़ी सुरक्षा में रखा गया था, जहां जवान 24 घंटे हथियारों के साथ तैनात हैं। अब गवर्नमेंट कॉलेज के सामने सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी गई है और राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बल संयुक्त रूप से निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा, 4 तारीख को होने वाली मतगणना के मद्देनज़र स्ट्रांगरूम के आसपास धारा 163 लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। माइकिंग के जरिए लोगों को क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ न लगाने की हिदायत दी जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मतगणना तक पूरे स्ट्रांगरूम क्षेत्र में इसी तरह की सख्त सुरक्षा और निगरानी जारी रहेगी।

# दुर्गापुर में लापता 12वीं के छात्र की संदिग्ध मौत से सनसनी

**दुर्गापुर** । दुर्गापुर के न्यू टाउनशिप थाना अंतर्गत जेमुआ इलाके में शुक्रवार सुबह लापता 12वीं कक्षा के छात्र की लटकती हुई लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 17 वर्षीय शेख रशीदुल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रशीदुल गुरुवार शाम घर से बाथरूम जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे स्थानीय लोगों ने खेत के पास एक मचान से उसका शव लटका हुआ देखा और परिवार को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शव जिस हालत में मिला, उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उनका कहना है कि फांसी की रस्सी एक टिन के छप्पर से बंधी थी, जबकि मृतक के पैर जमीन को छू रहे थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत



होता है। परिवार ने इस घटना को असामान्य बताते हुए निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। मृतक के भैया शेख रियाजुल ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले पुलिस ने रशीदुल को हिरासत में लिया था, जब वह एक लड़की के साथ पानागढ़ की ओर जा रहा था। हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया था। बताया जा रहा है कि उसी रात वह एक दोस्त के घर पर रुका था। इसके बाद गुरुवार शाम को घर से निकलने के बाद वह लापता हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है, ताकि मौत के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

# डीवीसी केटीपीएस में मई दिवस 2026 समारोह

**कोडरमा ।** अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर डीवीसी केटीपीएस के सेफ्टी कॉन्फ्रेंस हॉल में श्रमिकों के अधिकारों एवं हकदारी पर एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। श्री अमन ज्योति, जीएम (ओ एंड एम), मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री गौतम कुमार अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक स्वागत से हुआ। फ्रांसिस हेम्ब्रम, डीजीएम (एचआर) ने कारखाना अधिनियम 1948, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम सहित प्रमुख श्रम कानूनों पर प्रकाश डाला। श्री गौतम कुमार ने श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका, ट्रेड यूनियनों की कार्यप्रणाली, कर्मचारी लाभ, अवकाश, बोनस, ओवरटाइम तथा श्रम की गरिमा पर विस्तार से जानकारी दी और पर्यावरणीय दायित्वों पर भी जोर दिया। पैनल अधिवक्ता श्री नवल किशोर ने भी श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विचार व्यक्त किए।

# पूर्व रेलवे के स्टेशन बने आशा का आश्रय स्थल

**कोलकाता** । पूर्व रेलवे ने अपने स्टेशनों को आशा के आश्रय स्थल में बदल दिया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के संवेदनशील नेतृत्व में, बचपन की सुरक्षा एक दिल से जुड़ा मिशन बन गया है। इस नेक कार्य को अमिया नंदन सिन्हा, आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, पूर्व रेलवे के प्रयासों से आगे बढ़ाया जा रहा है । ÷ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते÷ नामक समर्पित पहल के माध्यम से, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) उन बच्चों की पहचान और बचाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है, जो विभिन्न कारणों से अपने परिवार से बिछड़ जाते हैं। इस मिशन का प्रभाव हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2024-25 के दौरान, 1209 बच्चों को–जिनमें 762 लड़के और 442 लड़कियां शामिल हैं–बचाया गया और उन्हें पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति को सुरक्षित सौंप दिया गया। वर्ष 2025-26 में प्रवेश करते हुए, रेलवे सुरक्षा बल ने अपनी सतर्कता और बढ़ा दी और 1407 बच्चों को सफलतापूर्वक बचाया, जिनमें 876 लड़के और 531 लड़कियां शामिल हैं।

इन प्रत्येक बचाव के पीछे एक परिवार का पुनर्मिलन और एक बचपन की सुरक्षा की कहानी छिपी है। ऑपरेशन आहट के तहत संचालित किया जा रहा है। यह मिशन शोषण की जंजीरों को तोड़ने और तस्करों के चंगुल से जीवन बचाने पर केंद्रित है। वर्ष 2024-25 में, 118 बच्चों (97 लड़के और 21 लड़कियां) तथा 06 वयस्कों को बचाया गया, जिससे 57 तस्करों की गिरफ्तारी हुई। यह प्रयास वर्ष 2025-26 में भी जारी रहा, जिसमें 124 बच्चों (80 लड़के और 44 लड़कियां) तथा 01 वयस्क को बचाया गया और 68 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

इस सुरक्षा कवच को मजबूत बनाए रखने के लिए, 70 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स निरंतर कार्यरत हैं, जो संवेदनशील लोगों की रक्षा करते हुए रेलवे नेटवर्क को सभी के लिए सुरक्षित मार्ग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि हम हर खोए हुए बच्चे को उसके परिवार से मिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सुप्रभात

3 मई 2026, रविवार, वर्ष मन्मथ (2083) जैष्ठ, कृ.प.,द्वितीया, सूर्योदय 06:17 ,सूर्यास्त 17.23

## आज का राशिफल

**मेष** आमदनी के नए अवसर प्राप्त होंगे। चन्द्रमा का प्रबल योग बनने से कोई खास डील फाइनल हो सकती है।

**तुला** आज का दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

**वृषभ** आज पूरा ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। आपको अपना पसंदीदा कार्य करने का मौका मिलेगा।

**धनु** आज के दिन सावधानी बरतनी होगी। व्यापार में थोड़ा बहुत जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होगा।

**कर्क** आज का दिन काफी सृजनात्मक रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे।

**मकर** आज का दिन सामान्य रहेगा। भागीदारी में किया व्यापार आपको फायदा पहुंचाएगा।

**सिंह** आज का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। धर्म-कर्म के मामलों में अधिक मन लगेगा।

**कुंभ** दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। परिवर्तन का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**कन्या** आज थोड़ा सावधान रहना होगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत आ सकती है।

**मीन** आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाना आपके हित में रहेगा।

# ईस्टर्न कोलफ्रील्ड्स लिमिटेड में मनाया गया श्रमिक दिवस




**सांकतोड़िया** । ईसीएल मुख्यालय में गत 1 मई को हर्षोल्लास के साथ श्रमिक दिवस मनाया गया। श्रमिक दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन ईसीएल प्रबंधन द्वारा इस विषयवस्तु पर हुआ कि श्रमिकों के बलिदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता । शहीद श्रमिकों को नमन करते हुए, ईसीएल प्रबंधन द्वारा एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने का संकल्प लिया गया । इसी के साथ ध्वजारोहण तथा कोल इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट गीत का गायन किया गया । इस अवसर पर ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा ने सभी कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, श्रमिक संगठनों और हितधारकों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की । कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए गए । कार्यक्रम में ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा, निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा, निदेशक (तकनीकी) गिरीश गोपीनाथन नायर, विशेष अतिथि नीलाद्रि राय, पूर्व निदेशक (तकनीकी), ईसीएल, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया । जेसीसी के सदस्य, कल्याण बोर्ड के सदस्य, सैफ्टी बोर्ड के सदस्य, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधी (इंटक, बीएमएस, सीटू, एटक, एचएमएस, आई ऐन टी टी यू सी, टी यू सी सी, केएमसी, यूटीयूसी, सीएमएसजीए), शिष्टा, ओबीसी एसोसिएशन , इनमोसा, तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधी भी मोजूद रहे तथा सभी ने अपने-अपने वक्तव्य में ईसीएल प्रबंधन के समक्ष श्रम शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला । समारोह का आयोजन कंपनी के कल्याण विभाग द्वारा महाप्रबंधक रवि रश्मि रंजन लकड़ा के नेतृत्व में किया गया था । कार्यक्रम का समापन, कल्याण विभाग से अलका कुजूर, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन), द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।

# रामनगर कोलियरी में मई दिवस पर कार्यक्रम




**कुल्टी ।** श्रमिक दिवस के अवसर पर सेल के कोलयरी डिविजन अंतर्गत रामनगर कोलयरी में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मई दिवस के अवसर पर रामनगर कोलयरी के सीटू कार्यालय के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में सीटू के वरिष्ठ नेता सुजीत भट्टाचार्य ने केन्द्रीय सरकार के श्रम कोड बिल का विरोध किया ।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार के नए श्रम कोड बिल से श्रमिकों को मिलने वाले हक का हनन किया जा रहा हैं । सीटू से संबंधित असंगठित क्षेत्र के श्रमिक संगठन के दिनेश मडंल ने कहा कि रामनगर के गांव के लिए सेल की रामनगर कोलियरी प्राण हैं । हजारों युवक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं । सेल प्रबंधन रामनगर और चाशनाला कोलयरी को बंद करने की साजिश कर रहा हैं। जिसका विरोध सीटू करता हैं । संसाधन की कमी का रोना प्रबंधन कर रहा हैं ।

इस अवसर पर सीटू के हराधन घोष, आशिस घोष, दिनेश मडंल, बिनोद सिंह, विश्वनाथ बाउरी, तारक बाध्कार, मलय पाल, प्रियनाथ घोष समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# पुनर्मतदान में लंबी कतारें मतदाताओं में दिखा उत्साह



कोलकाता, (हि.स.)। दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट पश्चिम और डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्रों में पुनर्मतदान को लेकर शनिवार सुबह से ही अलग तस्वीर देखने को मिली। चुनाव आयोग के निर्देश पर कुल 15 बूथों पर दोबारा मतदान कराया जा रहा है, जिसके चलते सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह नजर आया। डायमंड हार्बर विधानसभा के 243 नंबर बूथ, रायनगर अवैतनिक प्राथमिक विद्यालय में सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं।


तेज गर्मी के बावजूद मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहे। भीड़ बढने से पहले मतदान करने के लिए कई लोग सुबह ही पहुंच गए थे। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बूथ परिसर में राज्य पुलिस और केंद्रीय बल तैनात हैं, वहीं आसपास के इलाकों में भी लगातार गश्त की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था से आम मतदाताओं में भरोसा बढ़ा है। हालांकि, सुबह बढने के साथ कुछ दिक्कतें भी सामने आईं। रायनगर के उक्त बूथ पर ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आने से कुछ समय के लिए मतदान रोकना पड़ा।

इससे लाइन में खड़े मतदाताओं में नाराजगी और चिंता देखी गई। चुनाव अधिकारी तुरंत हरकत में आए और तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर मशीन को ठीक करने का काम शुरू किया। इधर, तेज गर्मी ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा।

कई मतदाता पानी और छाता लेकर आए थे, लेकिन बढ़ते तापमान ने मुश्किलें बढ़ा दीं। कुल मिलाकर, कुछ तकनीकी बाधाओं के बावजूद पुनर्मतदान को लेकर मतदाताओं का उत्साह साफ नजर आ रहा है। प्रशासन की ओर से सुरक्षित और पारदर्शी मतदान कराने के प्रयास जारी हैं। अब दिन के अंत में मतदान प्रतिशत और इसके राजनीतिक प्रभाव पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## दिलीप घोष ने ममता बनर्जी की तुलना डोनाल्ड ट्रंप से की



पूर्व मेदिनीपुर, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में मतगणना से पहले भाजपा नेता दिलीप घोष ने संभावित अशांति को लेकर विवादित टिप्पणी की है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के मेचेदा में आयोजित भाजपा की एक चुनावी कार्यशाला के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि, दो चरणों में मतदान हो चुका है, खेला हो चुका है और अब नतीजे आना बाकी हैं।

ने कहा, ममता बनर्जी एक तानाशाही मंत्री है। सत्ता उनके लिए सर्वोपरि है, और सत्ता जब हाथ से छिन रही है तो कुछ भी करने को तैयार हैं। अभी उनकी हालत डोनाल्ड ट्रंप की तरह हो गई है। जब सत्ता हाथ से निकलती दिखाई देती है तो वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हो सकती हैं।

उन्होंने आशंका जताई कि मतगणना के दिन भी किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मेचेदा के एक गेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में अविभाजित मेदिनीपुर क्षेत्र की 35 विधानसभा सीटों के उम्मीदवार, एजेंट और भाजपा के कई नेता मौजूद थे। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, सांसद दिब्येंदु अधिकारी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) सुनील बंसल तथा भाजपा नेता अमित मालवीय सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद दिलीप घोष ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान के बाद ही तृणमूल कांग्रेस को यह आभास हो गया था कि वह पीछे चल रही है, इसलिए दूसरे चरण में गड़बड़ी की कोशिश की गई।

उन्होंने आशंका जताई कि मतगणना के दिन भी अशांति की स्थिति बन सकती है, क्योंकि हार स्वीकार करना कुछ लोगों के लिए कठिन हो सकता है।

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि मतगणना से जुड़े मुद्दे पर राज्य सरकार द्वारा दायर मामलों के खर्च को लेकर भविष्य में सवाल उठाए जाएंगे। उनका कहना था कि जनता पहले ही तृणमूल कांग्रेस को नकार चुकी है और मुकदमों के जरिए स्थिति नहीं बदली जा सकती।

## उत्तरपाड़ा में प्याऊ का उद्घाटन

हुगली, नि.सं। बुद्ध जयंती के मौके पर उत्तरपाडा म्युनिसिपालिटी के वार्ड नंबर 8 के पार्षद तापस मुखर्जी द्वारा एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चोटिया परिवार की वरिष्ठ सदस्या विमला देवी चोटिया एवं खांडल विप्र सेवा समिति ट्रस्ट के चेयरमैन विद्याधर जी चोटिया भी मौजूद रहे। संस्था के ट्रस्टी राकेश कुमार चोटिया ने कहा कि ग्रीष्म काल के प्रारंभ में इस प्रकार की सेवा करके वह स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। दिनेश खेमका ने बतलाया कि बुद्ध पूर्णिमा का आगाज जल सेवा से बेहतर कुछ और हो ही नहीं सकता। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्याधर चोटिया, बजरंग लाल डीडवानिया, मधुसूदन डिडवानिया, राकेश चोटिया, विजय कुमार नोवाल, राजाराम पटेल, सुनील कुमार नोवाल, शुभ करण मांगलिहारा वगैरह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन जल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश खेमका ने किया।

## बर्दवान के यूआईटी बिल्डिंग स्थित स्ट्रॉन्गरूम को लेकर नया विवाद



कोलकाता, (हि.स.)। मतदान खत्म होने के बाद बर्धमान के यूआईटी बिल्डिंग स्थित स्ट्रॉन्गरूम को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। देर रात स्ट्रॉन्गरूम की छत पर एक संदिग्ध व्यक्ति के दिखने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सियासी माहौल गरमा गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। बर्धमान उत्तर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय दास ने ईवीएम की सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि स्ट्रॉन्गरूम में ईवीएम रखने के बाद से ही कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही हैं।

खासकर रात के समय बार-बार सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि देर रात बिल्डिंग की छत पर कुछ लोगों की आवाजाही और हथौड़े जैसी आवाजें सुनी गईं, जिससे सुरक्षा पर संदेह और बढ़ गया है। इस पूरे मामले की वीडियो सहित शिकायत चुनाव आयोग को दी गई है। वहीं पूर्व बर्धमान जिला तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष स्वराज घोष ने भी निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सीसीटीवी मॉनिटरिंग के दौरान बार-बार कैमरे बंद हो रहे हैं और रिकॉर्डिंग का समय भारतीय समय से 1क्ष्2 मिनट आगे दिखा रहा है। इससे किसी भी घटना का सही समय तय करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इतने संवेदनशील इलाके में 24 घंटे तकनीशियन की मौजूदगी जरूरी है, लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

इसके अलावा, देर रात स्ट्रॉन्गरूम के आसपास अज्ञात लोगों की गतिविधियां और असामान्य आवाजों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने का भरोसा दिया है, लेकिन लगातार उठ रहे सवालों से प्रशासन की भूमिका पर संदेह गहराता जा रहा है।



दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना अंतर्गत मगराहाट पश्चिम में बहिरपुया कुरकुरिया प्राइमर स्कूल में पुनर्मतदान। तस्वीर--फोटो भारतमित्र

## मालदा में भाजपा की अहम संगठनात्मक बैठक, मतगणना की तैयारियों पर चर्चा



मालदा, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करने में जुट गई है। दोनों पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं को मतगणना से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण देने में जुटी है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा के केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में पुरातन मालदा के एक होटल में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री और पश्चिम बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल, मंगल पांडेय, सांसद खगेन मुर्मू समेत मालदा डिवीजन के 28 विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा उम्मीदवार और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से मतगणना की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के बाद उत्तर मालदा के सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके अच्छे काम के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें धन्यवाद देने के साथ संगठनात्मक दिशा-निर्देश भी दिए। उत्तर मालदा के सांसद विश्वास जताया कि मतगणना के बाद भाजपा को बड़ी सफलता मिलेगी और राज्य में पार्टी का प्रदर्शन मजबूत रहेगा उन्होंने दावा किया की चार मई को पूरा बंगाल भगवामय होगा। उल्लेखनीय है कि, मतगणना के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की ओर से भी एक अहम बैठक शनिवार शाम कोलकाता में होने जा रही है जिसमें पार्टी सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

## मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर कांग्रेस की नजर




सिलीगुड़ी, (हि.स.)। मतदान प्रक्रिया समाप्त होते ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और समग्र स्थिति का जायजा लेने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मैदान में उतर गए। शनिवार सिलीगुड़ी कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सिलीगुड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार आलोक धारा, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी क्षेत्र के उम्मीदवार अमिताभ सरकार और फांसीदेवा क्षेत्र की उम्मीदवार नवनीता तिर्की मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रत्याशियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और केंद्रीय बलों की तैनाती का बारीकी से जायजा लिया। चुनाव के बाद के इस महत्वपूर्ण चरण में ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नियमित निगरानी पर जोर दिया गया। कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इस तरह का निरीक्षण बेहद जरूरी है और आगे भी निगरानी जारी रखी जाएगी।

## दक्षिण बंगाल में कालबैसाखी का प्रभाव, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट




फोटो- भारतमित्र

कोलकाता, (हि.स.)। दक्षिण बंगाल में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। कोलकाता सहित पूरे क्षेत्र में झमाझम बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आगामी मंगलवार तक पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया है। रविवार और सोमवार को दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं उत्तर बंगाल के आठ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बारिश और तेज हवाओं के बावजूद तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। शनिवार सुबह कोलकाता का न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है। इससे मौसम सुहावना बना हुआ है। अगले 24 घंटे में दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में कालबैसाखी की संभावना जताई गई है। कोलकाता, हावड़ा, हुगली, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया और बांकुड़ा में हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। रविवार को बारिश और हवाओं की तीव्रता बढ़ने का अनुमान है। सोमवार को कोलकाता सहित पूरे दक्षिण बंगाल में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण ऑरेंज अलर्ट रहेगा। मंगलवार को भी हल्की बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार तक राज्य के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी।

## पोस्टल बैलेट छंटनी पर विवाद, तृणमूल ने चुनाव आयोग से की शिकायत



कोलकाता, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले पोस्टल बैलेट की जांच को लेकर नया विवाद सामने आया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि दक्षिण कोलकाता स्थित खुदीराम अनुशीलन केंद्र के स्ट्रॉन्ग रूम में तैनात रिटर्निंग अधिकारी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए पोस्टल बैलेट की छंटनी की।

इस मामले में तृणमूल ने भारत निर्वाचन आयोग से शिकायत कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। तृणमूल का कहना है कि स्ट्रॉन्ग रूम के भीतर संदिग्ध गतिविधियां भी देखी गईं। इसे लेकर बेलगछिया क्षेत्र के तृणमूल उम्मीदवार कुणाल घोष और श्यामपुकुर की उम्मीदवार शशि पांजा गुरुवार शाम से केंद्र के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

इस दौरान चौरंगी से भाजपा उम्मीदवार संतोष पाठक और मानिकतला के उम्मीदवार तापस रॉय भी वहां पहुंचे और स्ट्रॉन्ग रूम के सामने तृणमूल समर्थकों की मौजूदगी पर आपत्ति जताई। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद तृणमूल उम्मीदवारों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। तृणमूल का आरोप है कि पोस्टल बैलेट से संबंधित कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नहीं किया गया।

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को पहले ही ई-मेल के माध्यम से पोस्टल बैलेट से जुड़े कार्यों की जानकारी दे दी गई थी।

इधर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी चुनावी प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों के तबादले और आयोग की सक्रियता को लेकर सवाल उठाए हैं तथा इस संबंध में मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर असंतोष जताया है।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में सुजीत बसु को ईडी की छह मई को तलब




**रथिन घोष भी बुलाए गए**

कोलकाता, (हि.स.)। शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिधाननगर से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सुजीत बसु को एक बार फिर समन भेजा है। ईडी ने उन्हें छह मई को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया हे।

केंद्रीय एजेंसी ने राज्य के एक और मंत्री रथिन घोष को भी उसी दिन तलब किया है। राज्य के दमकल मंत्री रहे सुजीत बसु शुक्रवार को सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी के दफ्तर में पेश हुए थे। वहीं उन्हें बताया गया कि उन्हें छह मई को दोबारा उपस्थित होना होगा। बताया गया है कि इससे पहले भी ईडी कई बार उन्हें तलब कर चुकी थी। हालांकि सुजीत बोस का कहना था कि चुनावी व्यस्तता के कारण वह पहले उपस्थित नहीं हो पाए थे। इससे पहले ईडी ने उनके बेटे समुद्र बोस को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी ने सुजीत बोस के घर और दफ्तर में भी छापेमारी की थी। अब ईडी ने उन्हें फिर से छह मई को अपने दफ्तर में पेश होने का निर्देश दिया है। उधर सुजीत के अलावा एक अन्य मंत्री रथिन घोष को भी ईडी ने छह मई को ही तलब किया है। भर्ती भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्हें पहली भी कई बार तलब भी किया था लेकिन उन्होंने चुनाव कार्य में व्यस्तता का हवाला देकर ईडी से समय देने की मांग की थी। अक्टूबर 2023 में मंत्री रथिन से ईडी ने पुनर्नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ की थी।

उस वक्त उनके घर की तलाशी ली गई थी। जनवरी 2024 और अक्टूबर 2025 में मंत्री सुजीत के दफ्तर और घर पर ईडी ने छापेमारी की थी। उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों के पते भी केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने खंगाले थे।


Nagaland State Lotteries
DEAR
VICTORY FRIDAY WEEKLY LOTTERY
01:00 PM

Draw No:26 Price ₹7/- Draw Date on:01/05/26
1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- 41B 85094
SOLD BY : SELLER - RAVINDRA LOTTERY - MATIGARA & SUB-STOCKIST - TARA MAA AGENCY - MATIGARA
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- 85094
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01206 | 10302 | 17371 | 26858 | 28476 |
| 31678 | 44305 | 55166 | 71890 | 93298 |

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-
0645 2014 2235 2574 2957 3622 3758 5118 5600 7706
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
1703 5401 5745 5895 7711 8621 8760 9335 9638 9945
5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0070 | 0805 | 1929 | 2663 | 3430 | 4122 | 5627 | 6237 | 7208 | 9055 |
| 0105 | 0882 | 1941 | 2738 | 3562 | 4135 | 5666 | 6359 | 7556 | 9109 |
| 0220 | 1012 | 1976 | 2755 | 3603 | 4730 | 5741 | 6524 | 7641 | 9139 |
| 0278 | 1266 | 2066 | 2758 | 3644 | 4889 | 5753 | 6664 | 7655 | 9172 |
| 0323 | 1277 | 2097 | 2932 | 3707 | 5068 | 5785 | 6677 | 8012 | 9279 |
| 0553 | 1450 | 2148 | 2939 | 3888 | 5156 | 5990 | 6720 | 8053 | 9309 |
| 0613 | 1456 | 2240 | 2969 | 3929 | 5163 | 6115 | 6800 | 8128 | 9314 |
| 0697 | 1523 | 2345 | 2993 | 3963 | 5254 | 6138 | 6994 | 8264 | 9426 |
| 0720 | 1641 | 2406 | 3135 | 4026 | 5258 | 6156 | 7039 | 8742 | 9545 |
| 0788 | 1819 | 2534 | 3264 | 4100 | 5610 | 6166 | 7115 | 8786 | 9550 |

01:00 PM
Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : YouTube
nagalandlotteries.com/livedraw

Sikkim State Lotteries
DEAR
CROWN FRIDAY WEEKLY LOTTERY
06:00 PM

Draw No : 31 Price ₹7/- Draw Date on : 01/05/26
1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- 99D 75167
SOLD BY : SELLER - SAILES CHANDRA DEB - KHARAGPUR & SUB-STOCKIST - NEW DEB LOTTERY AGENCY - KHARAGPUR
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- 75167
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01869 | 15999 | 18929 | 37286 | 47790 |
| 52106 | 80346 | 80498 | 81088 | 96709 |

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-
1511 2121 2137 3314 3807 4647 4810 4833 5670 8564
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
0164 1323 2290 2915 3094 3210 4632 5986 6525 7985
5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0013 | 1030 | 1665 | 2871 | 3879 | 4613 | 6150 | 6961 | 8069 | 9086 |
| 0048 | 1117 | 1786 | 2908 | 3921 | 4675 | 6176 | 7003 | 8273 | 9148 |
| 0064 | 1263 | 1917 | 3083 | 3967 | 5039 | 6200 | 7015 | 8317 | 9341 |
| 0179 | 1294 | 1934 | 3110 | 3988 | 5309 | 6408 | 7116 | 8425 | 9522 |
| 0204 | 1297 | 1940 | 3220 | 4154 | 5544 | 6409 | 7146 | 8695 | 9642 |
| 0459 | 1481 | 2350 | 3271 | 4185 | 5616 | 6434 | 7163 | 8708 | 9708 |
| 0592 | 1535 | 2548 | 3394 | 4283 | 5676 | 6458 | 7241 | 8834 | 9742 |
| 0736 | 1614 | 2575 | 3520 | 4349 | 5859 | 6730 | 7394 | 8884 | 9825 |
| 0940 | 1615 | 2634 | 3612 | 4371 | 6025 | 6792 | 7415 | 8919 | 9845 |
| 1025 | 1658 | 2702 | 3691 | 4459 | 6107 | 6801 | 7858 | 8987 | 9929 |

06:00 PM
Issued by :The Principal Director, Sikkim State Lotteries, Gangtok
Watch Live Draw On : YouTube
sikkimlotteries.com/livedraw

Nagaland State Lotteries
DEAR
HORIZON FRIDAY WEEKLY LOTTERY
08:00 PM

Draw No: 26 Price ₹7/- Draw Date on: 01/05/26
1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- 94E 17053
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- 17053
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 08927 | 13741 | 20203 | 27224 | 31974 |
| 33275 | 42384 | 82790 | 91552 | 96451 |

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-
0267 1089 1562 2555 2728 5429 6072 7064 7300 7699
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
0280 1893 2233 2527 2808 3372 4238 4889 9055 9882
5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0077 | 0888 | 1643 | 2043 | 2835 | 4542 | 5452 | 7091 | 7888 | 8961 |
| 0092 | 0941 | 1654 | 2070 | 3004 | 4637 | 5485 | 7128 | 7908 | 8978 |
| 0258 | 0947 | 1683 | 2104 | 3005 | 4661 | 5566 | 7160 | 7924 | 9007 |
| 0312 | 1014 | 1702 | 2205 | 3092 | 4666 | 6321 | 7408 | 7957 | 9016 |
| 0350 | 1049 | 1814 | 2364 | 3108 | 4719 | 6489 | 7441 | 7995 | 9058 |
| 0459 | 1235 | 1837 | 2485 | 3490 | 4746 | 6491 | 7451 | 8069 | 9061 |
| 0475 | 1354 | 1853 | 2534 | 3530 | 4880 | 6581 | 7460 | 8367 | 9203 |
| 0500 | 1587 | 1868 | 2549 | 3934 | 5151 | 6786 | 7591 | 8475 | 9272 |
| 0758 | 1628 | 1911 | 2586 | 4383 | 5365 | 6837 | 7814 | 8530 | 9437 |
| 0850 | 1632 | 1913 | 2789 | 4483 | 5396 | 7032 | 7816 | 8804 | 9895 |

08:00 PM
Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : YouTube
nagalandlotteries.com/livedraw
* TDS 2% UNDER SECTION 393(3) IT ACT 2025 SHALL BE DEDUCTED ON SELLERS PRIZE AMOUNT W.E.F. 01.04.2026
PLEASE CHECK THE RESULTS WITH RELEVENT OFFICIAL GOVERNMENT GAZATTE

# संपादकीय

## पर्यटन केंद्रों पर हो रहे हादसों के पीछे बदइंतजामी और सिर्फ लापरवाही ?

पर्यटन केंद्रों में सुरक्षा उपायों की कमी और बदइंतजामी का खुलासा जबलपुर के बरगी बांध क्रूज हादसे ने किया है।बिना सुरक्षा साधनों के पर्यटन केंद्र चल रहे हैं। बदइंतजामी यह है कि पर्यटन गतिविधि के दौरान अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो रेस्क्यू करने का भी कोई इंतजाम नहीं है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के दौरान कई दुखद हादसे हुए हैं, जिनमें हाल ही में 30 अप्रैल को जबलपुर के बरगी बांध में हुआ क्रूज हादसा सबसे प्रमुख है। 30 अप्रैल की शाम को हुआ क्रूज हादसा प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा नियमों की अनदेखी का एक गंभीर उदाहरण बनकर सामने आया है। इन घटनाओं में मुख्य रूप से अचानक आए मौसम परिवर्तन, लापरवाही और सुरक्षा मानकों की कमी जैसे कारण सामने आए हैं। इस हादसे में अब तक कई लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है। जीवित बचे पर्यटकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया है कि क्रूज स्टाफ ने यात्रियों को लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराए थे। कुछ यात्रियों ने स्वयं ही जैकेट ढूंढकर पहने, जबकि अधिकांश के पास यह सुरक्षा कवच नहीं था।मौसम की चेतावनी की भी अनदेखी की गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने क्षेत्र में 40-50 किमी/ घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का 'येलो अलर्ट' जारी किया था। इसके बावजूद, पर्यटन विभाग के इस क्रूज को पानी में उतरने की अनुमति कैसे दे गई। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 2023 में पेयजल स्रोतों और नर्मदा से जुड़े बांधों में डीजल चालित मोटर नौकाओं के संचालन पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद, बरगी बांध में पर्यावरणीय कानूनों का उल्लंघन कर इस मोटराइज्ड क्रूज का संचालन किया जा रहा था। घटना स्थल पर रेस्क्यू के कोई इंतजाम नहीं थे। अन्य पर्यटन केंद्रों में भी यही स्थिति है।जबलपुर क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जबलपुर के भेड़ाघाट में पर्यटकों की नाव अनियंत्रित होकर पलटने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इन हादसों के बाद प्रशासन अक्सर प्रदेशभर में सुरक्षा आडिट और लाइफ जैकेट की अनिवार्यता के निर्देश जारी करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में कमी इन त्रासदियों का मुख्य कारण बनती जा रही है। वाटरफाल से जुड़े हादसों में प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने गए पर्यटकों के साथ कई बार नदी के अचानक जलस्तर बढ़ने या सेल्फी लेने के दौरान हादसे हुए हैं। प्रदेश में ऐसा कई हादसे हुए हैं। जिसमें ताजा जबलपुर क्रूज हादसा 30 अप्रैल 2026। पातालपानी हादसा 2011 पातालपानी वाटरफाल में पिकनिक मना रहे एक ही परिवार के पांच लोग अचानक आए फ्लैश फ्लड (तेज बहाव) में बह गए थे। सुलतानगढ़ वाटरफाल 2018- स्वतंत्रता दिवस के दिन अचानक पानी बढ़ने से नौ लोग बह गए थे। बृहस्पति कुंड 2025-पन्ना वाटरफाल में नहाते समय तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई थी। हाथीनाला-बिल्धा वाटरफाल 2025-जबलपुर के तीन छात्रों की डूबने से जान गई। जोगी भड़क वाटरफाल 2025-धार जिले में एक 22 वर्षीय छात्रा ट्रेकिंग के दौरान 600 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। ऐसा हादसों के बाद भी प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं।

# लोक के प्रति कब जवाबदेह बनेगी नौकरशाही

**सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे।**

(उमेश चतुर्वेदी)

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली।

सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे। दिलचस्प यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब-तलब किया तो उन्होंने माफी मांग कर काम चला लिया। उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शीर्ष अधिकारियों को सबक सिखाने से पीछे नहीं रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह माफी से ही संतुष्ट हो गया।

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली। अंग्रेज सरकार भारतीयों को गुलाम मानती थी, लिहाजा उसके अफसर भी भारतीयों से उसी अंदाज में पेश आते थे। आजादी के बाद नौकरशाही के इस चरित्र को बदलने की कोशिश के तहत तटस्थ ब्यूरोक्रेसी के रूप में आईएएस कैडर बनाया गया। गांधी मानते थे कि आधुनिक राज व्यवस्था और नौकरशाही में हिंसा का वर्चस्व है। गांधी जी ट्रस्टीशिप के सिद्धांत के अनुसार प्रशासनिक या आर्थिक रूप से ताकतवर लोगों से उम्मीद करते थे कि वे संसाधनों के स्वामी नहीं, बल्कि रक्षक की तरह व्यवहार करें। इसी अंदाज में नौकरशाही को सेवक बनाने की कोशिश हुई। लेकिन क्या नौकराशाह सेवक बन पाए? वे सिर्फ उन राजनीतिक आकाओं के ही सेवक बन पाए हैं, जो ताकतवर हैं और जिनसे उन्हें भविष्य में मलाईदार पदों और ताकत की उम्मीद है। यही वजह है कि आजादी के 79 साल बाद भी नौकरशाही का ज्यादातर हिस्सा सामंती मानसिकता से ही प्रभावित नजर आता है। जनता को वह अपनी रियाया मानता है। लोक से सामंतों जैसा व्यवहार करने में ही उसे हेठी नजर आती है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला का कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाना इसी सोच का प्रतीक है। यह उस आशंका का भी जीवंत उदाहरण है, जो एचवी कामथ को परेशान कर रही थी। दिलचस्प यह है कि दुष्यंत नरियाला को 16 मार्च को ही चुनाव आयोग ने नंदिनी चक्रवर्ती की जगह नया मुख्य सचिव बनाया था, ताकि वे निष्पक्ष चुनाव करा सकें। नरियाला के व्यवहार से साफ है कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में उनका रवैया तटस्थ नौकरशाह की बजाय राज्य की मौजूदा सत्ता के इशारे पर ही काम करने वाले जैसा रहा। लोकतंत्र, लोक यानी आम लोगों का तंत्र है। लेकिन हकीकत में यह राजनीतिक दलों का तंत्र है और इस तंत्र में लोक की भूमिका महज वोट देने तक ही सीमित है। इस तंत्र में नौकरशाही की जवाबदेही राजनीति के हर अच्छे-बुरे कामों में साथ देने और कई बार उसका कहार बनने तक सीमित रह गई है। सरदार पटेल जब इस तंत्र को स्टील फ्रेम कह रहे थे, तो उनका आशय यह था कि भावी नौकरशाही आम लोगों की भलाई और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। पटेल को उम्मीद रही होगी कि नौकरशाह लोक के प्रति जब जवाबदेह होंगे, तब ऐश्वर्य पर उनकी निगाह कम होगी। लेकिन इसके ठीक उलट हो रहा है। नौकरशाही के बड़े हिस्से को अपनी मूल भूमिका की चिंता नहीं सताती। उसकी पूरी कोशिश खुद और खुद के कैडर को मजूबत करने और ज्यादा सुविधाएं जुटाने पर केंद्रित रहती है। ज्यादातर नौकरशाहों के लिए आमजन ठीक वैसी ही प्रजा हैं, जिस तरह अंग्रेजों के थे। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव का व्यवहार इसी सोच का उदाहरण है।



जब कोई आईएएस किसी फरियादी की बात सुनने के लिए जमीन पर बैठ जाता है, या ऐसा ही सामान्य कदम उठाता है तो वह घटना खबर बन जाती है। इसकी वजह यही है कि अफसरों से ऐसे व्यवहार की उम्मीद ही नहीं होती। जनमानस की सोच ऐसी है तो यह मान लेना चाहिए कि पटेल की सोच के मुताबिक नौकरशाही विकसित नहीं हुई, बल्कि एचवी कामथ जैसे लोगों की आशंका ही सही साबित हुई है। नौकरशाही में जब भी किसी का चयन होता है, उसके पड़ोसी और रिश्तेदार तक मान लेते हैं कि कुछ ही दिनों में उसकी कई पुश्तों का इंतजाम हो जाएगा। ज्यादातर ऐसा होता भी है। मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने लोकपाल की व्यवस्था कर रखी है। वहां आए दिन जिस तरह अधिकारियों के घरों से नोटों की गड्डियां निकलती हैं, उनकी संपत्ति के ब्यौरे सामने आते हैं, उससे पता चलता है कि अफसर बनना जमींदारी हासिल करने से भी ज्यादा फायदेमंद है। ऐसे अफसरों पर कड़ी कार्रवाइयां नजीर बननी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिखता। अफसरशाही का बड़ा हिस्सा अब भी तंत्र के दोहन की प्रक्रिया में शिद्दत से शामिल है। हाल ही में बिहार के एक सब डिविजनल पुलिस अफसर के बारे में समाचार आया कि उनकी नौकरानी भी थार से चलती है। ऐसा नहीं कि नौकरशाही में ईमानदार लोग नहीं हैं। अशोक खेमका और संजीव चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं। लेकिन उन्हें ना तो नौकरशाही चैन से बैठने देती है और ना ही राजनीतिक आका।

नौकरशाही को तटस्थ और ईमानदार बनाए रखने के लिए पचासों कमेटियां बन चुकी हैं, दो प्रशासनिक सुधार आयोग बन चुके हैं। पहले आयोग के अध्यक्ष तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई थे तो दूसरे के कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली। जान लेना चाहिए कि स्वाधीनता संग्राम में कूदने से पहले मोरार जी भी सिविल सेवा के अधिकारी थे। दोनों आयोगों ने कई सुझाव दिए, कुछ लागू भी हुए। लेकिन असल में नौकरशाही का चरित्र नहीं बदल पाया। वह लोकतांत्रिक नहीं हो पाई।

आपातकाल के दिनों में जयप्रकाश नारायण ने नौकरशाही और पुलिस अफसरों से अपील की थी कि सरकार के असंवैधानिक आदेशों को वे न मानें। तब जेपी को अराजकतावादी कहा गया। हालांकि राजनीतिक व्यवस्था ऐसी है कि नौकरशाही के लिए राजनीति की बात टालना संभव नहीं हैं। एच वी अयंगार जैसे कुछ ही नौकरशाह होते हैं, जो सही बात कह सकते हैं और अपने राजनीतिक आका से अलग राय रख सकते हैं। राज्यों के गठन के पीछे भाषा को आधार बनाने के तत्कालीन गृह सचिव अयंगार विरोधी थे और उन्होंने अपने मंत्री सरदार पटेल के सामने उसे खुलकर रखा भी था। वैसे आज की राजनीति में पटेल जैसा ह्रदय रखने वाले लोग भी कम हैं। अव्वल तो आज की नौकरशाही नाफरमानी की हिम्मत ही नहीं करती और अगर ऐसी कोशिश करती भी है तो उसे ही किनारे लगा दिया जाता है। इसी वजह से माना जा रहा है कि दुष्यंत नरियाला फिलहाल भले ही अभी चुनाव आयोग को रिपोर्ट कर रहे हों, वे अपने राजनीतिक आका के ही प्रभाव में हैं।

नौकरशाही अगर लोकतांत्रिक और तटस्थ नहीं बन पाई है तो इसके पीछे उसके प्रशिक्षण और चयन में भी खामी मानी जाती है। वैसे समाज भी रोजाना अफसरों की बेरूखी से दो-चार होता रहता है, इसके बावजूद जब भी यूपीएससी या पीसीएस के नतीजे आते हैं, चयनित अफसरों पर वह लहालोट हो जाता है। समाज का लहालोट होना भी कई बार नौकरशाही को राजा की तरह व्यवहार करने को प्रेरित करता है। इसी लिए कोई दुष्यंत नरियाला कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के फोन को भी नजरंदाज कर देता है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस रवायत को बदलेगा कौन? जिस राजनीति पर इसकी जवाबदेही है, उसे अपने कार्यकर्ताओं की बनिस्बत नौकरशाही पर भरोसा ज्यादा है। लोक तो उससे प्रताड़ित होने के बावजूद उसी पर लहालोट है। इसलिए जरूरी है कि नौकरशाही को भगवान न मानने वाली सोच विकसित करने की कोशिशें हों, अन्यथा नौकरशाह राजा की तरह व्यवहार करते रहेंगे। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 'नया चेहरा और नया नारा' से पश्चिम बंगाल में चल गई भाजपा की लहर

(कमलेश पांडे)

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक और 'मिशन बंगाल' के आगे बढ़े चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। उनकी भूमिका मुख्यतः तीन तरह की है- नारा निर्माता, बिहारी बंगाल जुड़ाव बनाने वाला चेहरा, और ममता सरकार की आलोचना के लिए उग्र आवाज़।

बिहार में नए मुख्यमंत्री पद पर सम्राट चौधरी के चयन ने भाजपा को एक 'नया चेहरा और नया नारा' दिया है, जिसे पार्टी पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में केंद्र में लेकर चल रही है। इसी वजह से बिहार के नए प्रमुख चेहरे के इस चयन से बंगाल में भी भाजपा की 'लहर की बात' तेज़ी से चलने लगी है। चूंकि बिहार में सम्राट चौधरी का महत्व निर्द्वन्द है, इसलिए पश्चिम बंगाल के लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास और गहरा हुआ। उल्लेखनीय है कि बिहार में नीतीश कुमार के बाद भाजपा ने पहली बार अपने प्रत्यक्ष नेता को मुख्यमंत्री बनाकर संकेत दिया है कि पार्टी अब 'एनडीए के नेतृत्व' को भी भाजपा के नाम से बेचेगी।

बता दें कि तारापुर की सियासत को लोककल्याण कारी दिशा देने वाले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनि चौधरी के यशस्वी पुत्र सम्राट चौधरी कुशवाहा (कोईरी/ओबीसी) समाज से हैं; लेकिन सवर्णों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। तारापुर से परवत्ता के लोग इसकी गवाही देते हैं। इससे भाजपा ने बिहार के लव कुश (कुर्मी-कुशवाहा) समीकरण को अपने पक्ष में खींचने की कोशिश की है, जो राज्य की 50-60 सीटों पर असर डालता माना जाता है। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की तरह कोई भी बड़ा सवर्ण नेता व्यक्तिगत रूप से इनका विरोधी नहीं हो सकता है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की पूर्वी भारत की राजनीति को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा से भी बड़ा चेहरा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रूप में मिल गया है, जिन्हें दिल्ली में भाजपा की लहर चलवाने और यूपी में भाजपा को मजबूत बनवाने के नजरिए से आगे बढ़ाया गया है। इसके पीछे बिहार के नौकरशाही की फीडबैक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, क्योंकि उनकी राजनीतिक छवि बेदाग है, इस मीडिया और राजनीतिक प्रायोजित मामलों को छोड़ दिया जाए तो।

**समझिए, पश्चिम बंगाल में कैसे बनी 'लहर'**- सम्राट चौधरी अपने उपमुख्यमंत्री पद के बाद पश्चिम बंगाल में भी भाजपा के प्रमुख प्रचारक के रूप में सक्रिय हुए हैं; उन्होंने बंगाल के चुनावी दौर में बार बार दावा किया है कि बंगाल में लोग 'बदलाव' के लिए तैयार हैं और भाजपा की सरकार बनेगी। चौधरी ने बर्बरता, घुसपैठ, रोज़गार और 'सोनार बंगाल' की वापसी जैसे मुद्दे उठाकर बिहार मॉडल के नाम पर एक नयी राजनीतिक कहानी बंगाल में बेचनी शुरू की है; इससे भाजपा को एक नया नारा और एक नया चेहरा मिल गया है, जिसे मीडिया व जनता ने 'लहर' की तरह पेश किया है।

**खास रणनीतिक तालमेल** – बिहार में ओबीसी केंद्रित और सवर्ण, दलित, अल्पसंख्यक समर्थित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उभार के बाद भाजपा तर्क दे रही है कि अब यह गैर संस्कृतिक (संयुक्त तरह के राष्ट्रवादी ओबीसी) चेहरा बंगाल में भी विपक्षी भावनाओं को एकजुट कर सकता है। दोनों राज्यों में भाजपा एक ही नारा बेच रही है- पुरानी सत्ता संरचना का अंत और नई नेतृत्व पीढ़ी की शुरुआत; इसी जोड़ को देखते हुए बिहार में सम्राट के चयन को पश्चिम बंगाल में भाजपा की 'लहर' का तर्क प्रतीक माना जा रहा है।

**सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक के रूप में उभरे**- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक और 'मिशन बंगाल' के आगे बढ़े चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। उनकी भूमिका मुख्यतः तीन तरह की है- नारा निर्माता, बिहारी बंगाल जुड़ाव बनाने वाला चेहरा, और ममता सरकार की आलोचना के लिए उग्र आवाज़। उन्हें स्टार प्रचारक के रूप में जिम्मेदारी मिली, क्योंकि भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें बिहार से सम्राट चौधरी को विशेष प्राथमिकता दी गई है; वे बिहार के उन चुनिंदा नेताओं में हैं जिन्हें बंगाल में बड़ा चुनावी जिम्मा सौंपा गया है। उन्हें बंगाल के कई चरणों में रैलियों और चुनावी सभाओं के लिए तैयार किया गया है, खासकर 23 व 29 अप्रैल के चरणों में जहां भाजपा जीत सुनिश्चित करने की तैयारी कर रही है।

**बिहार-बंगाल कनेक्शन को भुनाना**- बिहार के उपमुख्यमंत्री होने के नाते चौधरी बिहार मूल के मतदाताओं (खासकर हावड़ा और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले मजदूर, व्यापारी, कामगार) को निशाना बना रहे हैं, जहां बिहारी समुदाय की संख्या अधिक मानी जाती है। वे बिहार में 'नौकरी वाला मॉडल' (लगभग 50 लाख लोगों को नौकरी/रोज़गार के अवसर) का उदाहरण देकर यह वादा कर रहे हैं कि बंगाल में भी वही तरह का रोज़गार आधारित विकास 'सोनार बंगाल' के नाम से लाया जाएगा।

**नारा और विचारधारा संबंधी भूमिका**- सम्राट चौधरी ने घुसपैठ, एनआरसी, बंगाली अस्मिता और 'हिंदू उत्पीड़न' जैसे मुद्दों पर खुले आरोप लगाए हैं और कहा है कि भाजपा सत्ता में आकर घुसपैठियों को बाहर करेगी और बंगाली पहचान को फिर से स्थापित करेगी। वे ममता बनर्जी सरकार को 'अराजक, हिन्दू विरोधी और घुसपैठियों की हिमायती' कहकर जनता में बदलाव की भावना जगाने की कोशिश कर रहे हैं, और बार बार दावा कर रहे हैं कि इस बार बंगाल में भाजपा की ही सरकार बनेगी।

# विजय पथ तक पहुँचने के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म पथ पर खूब चले मोदी और शाह

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए जी-तोड़ मेहनत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमकर चुनाव प्रचार तो किया ही साथ ही पूजा पाठ में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ का पूजन कर रहे थे। जबकि मतदान से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में भगवान श्री सोमनाथ का पूजन किया। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा में जाकर मिलने वाली हुगली नदी में नौका यात्रा और पूजन किया तो वहीं अमित शाह ने हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के पवित्र संगम पर स्थित गंगासागर का दर्शन और पूजन किया।**

(नीरज कुमार दुबे)

पश्चिम बंगाल में धार्मिक यात्राओं के माध्यम से भाजपा ने बंगाल की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जड़ों से जुड़ने का प्रयास किया, ताकि खुद को बाहरी पार्टी की बजाय एक संवेदनशील और जुड़ी हुई शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए जी-तोड़ मेहनत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमकर चुनाव प्रचार तो किया ही साथ ही पूजा पाठ में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ का पूजन कर रहे थे। जबकि मतदान से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में भगवान श्री सोमनाथ का पूजन किया। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा में जाकर मिलने वाली हुगली नदी में नौका यात्रा और पूजन किया तो वहीं अमित शाह ने हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के पवित्र संगम पर स्थित गंगासागर का दर्शन और पूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी और राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना की तो अमित शाह ने कपिल मुनि आश्रम में महर्षि कपिल का पूजन कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।

बंगाल में मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री का श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने का अधिक महत्व इसलिए है क्योंकि काशी (वाराणसी) को बंगालियों का दूसरा घर या सांस्कृतिक रूप से बंगाल के बहुत करीब माना जाता है। सदियों से बंगाली तीर्थयात्री, विद्वान और साधु-संत काशी आते रहे हैं, साथ ही कई बंगाली जमींदारों और राजाओं ने काशी में घाटों और मंदिरों का निर्माण करवाया। यही नहीं, वाराणसी में दशाश्वमेध घाट के पास स्थित बंगाली टोला क्षेत्र में बंगाली समुदाय की घनी आबादी है, जहाँ बंगाली संस्कृति, भाषा और खान-पान का गहरा असर देखने को मिलता है। वहीं गुजरात के श्री सोमनाथ में त्रिवेणी संगम (कपिला, हिरन और सरस्वती) के पास चंद्रभागा शक्तिपीठ स्थित है, जो बंगाली भक्तों के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से हुगली नदी पर किये गये नौका विहार का भी खास महत्व है। हुगली को आदि गंगा के रूप में पूजा जाता है। बंगाल के लोगों के लिए हुगली का महत्व वैसा ही है जैसा उत्तर भारत में गंगा का है। नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुना था तो उन्होंने सबसे पहले यही कहा था कि मुझे तो माँ गंगा ने बुलाया है। इसी तरह खुद को गंगापुत्र कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल चुनावों के बीच हुगली को मां गंगा कहकर संबोधित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इससे उन्होंने अपनी छवि को बंगाल की धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं के साथ जोड़ा। प्रधानमंत्री ने हुगली के किनारे समय बिताकर और बेलूर मठ जैसे आध्यात्मिक केंद्रों की यात्रा कर यह दिखाने की कोशिश भी की कि उनकी पार्टी बंगाल की जड़ों और विरासत का सम्मान करती है।



वहीं अमित शाह की गंगा सागर यात्रा भी काफी प्रभावशाली रही। सदियों से यह कहा जाता रहा है कि सब तीर्थ बार बार, गंगा सागर एक बार। अमित शाह ने इस यात्रा के जरिए भाजपा को बंगाल की जड़ों से जोड़ा। ऐतिहासिक कपिल मुनि आश्रम में पूजा-अर्चना कर उन्होंने बंगाली धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया। उन्होंने गंगा को गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक भारत को जोड़ने वाली एक आध्यात्मिक कड़ी बताया, जिससे भाजपा ने यह संदेश दिया कि बंगाल की संस्कृति पूरे भारत के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। साथ ही अमित शाह ने गंगा सागर में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर धर्म और राष्ट्रवाद को एक साथ जोड़ा, जो भाजपा की चुनावी रणनीति का मुख्य आधार रहा है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर भी बड़ा संदेश दिया। उत्तरी कोलकाता की प्रमुख उत्तर-दक्षिण सड़क बिधान सरानी पर स्थित, ठनठनिया काली मंदिर की स्थापना 1703 में उदय नारायण ब्रह्मचारी ने उस भूमि पर की थी, जहां उस समय श्मशान घाट हुआ करता था। इस मंदिर में मां सिद्धेश्वरी की पूजा की जाती है। यहाँ की एक विशिष्ट परंपरा मांसाहारी प्रसाद चढ़ाने की है। इस मंदिर में पूजा कर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि भाजपा बंगाल की विविध खान-पान और धार्मिक परंपराओं को स्वीकार करती है और उनका सम्मान करती है, जिससे विरोधियों के शाकाहारी थोपने के आरोपों का जवाब दिया गया। साथ ही यह मंदिर रामकृष्ण परमहंस से भी जुड़ा है, जो यहाँ अक्सर भजन गाने आते थे। इस यात्रा के जरिए भाजपा ने खुद को बंगाल के पुनर्जागरण और आध्यात्मिक महापुरुषों की विरासत से भी जोड़ा।

वहीं उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में मतुआ महासंघ के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में दर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल के दलित (नामशुद्र) समाज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। पीएम मोदी ने 2021 में बांग्लादेश स्थित मतुआ समुदाय के जन्मस्थान ओराकांडी की भी यात्रा की थी। ठाकुरबाड़ी की वर्तमान यात्रा उस निरंतरता को दर्शाती है। मतुआ मतदाता कम से कम 34 विधानसभा सीटों और बांग्लादेश सीमा के करीब स्थित दो दर्जन अन्य सीटों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। उल्लेखनीय है कि हरिचंद ठाकुर द्वारा 19वीं शताब्दी में स्थापित मतुआ महासंघ एक सामाजिक-धार्मिक आंदोलन है, जिसने ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और सामाजिक सुधार के माध्यम से नामशुद्र समुदाय के उत्थान के लिए काम किया है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की ये धार्मिक यात्राएं केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे एक व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा थीं। इन यात्राओं के माध्यम से भाजपा ने बंगाल की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जड़ों से जुड़ने का प्रयास किया, ताकि खुद को बाहरी पार्टी की बजाय एक संवेदनशील और जुड़ी हुई शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। आस्था, संस्कृति और राजनीति के इस संगम ने यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक भारतीय चुनावों में प्रतीकवाद और भावनात्मक जुड़ाव उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने विकास और नीतिगत मुद्दे। यह लेखक के अपने विचार है)

# देशभर में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा होने पर तुरंत मिलेगी सूचना

**नई दिल्ली** । केंद्र सरकार ने आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का आज यहां परीक्षण किया जिसमें सभी प्रकार के मोबाइल के स्क्रीन पर एक ही समय में एक मैसेज बॉक्स में आपात स्थिति का संदेश उभरता है तथा ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की बीप ध्वनि के साथ वाइबेट करता है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह एक कार्यक्रम में रिमोट के माध्यम से इसके देशव्यापी परीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। परीक्षण के तहत लगभग 11ः45 बजे देशभर में मोबाइल फोन पर एक साथ बीप ध्वनि के साथ इमरजेंसी अलर्ट संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण है और जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह अत्याधुनिक प्रणाली संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से विकसित की गई है, ताकि




आपदा के समय नागरिकों तक महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय पर प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। एनडीएमए ने दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) द्वारा विकसित एकीकृत अलर्ट सिस्टम 'सचेत' को सफलतापूर्वक चालू किया है। यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) पर आधारित है। वर्तमान में यह देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित है और भौगोलिक रूप से लक्षित क्षेत्रों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को एसएमएस के माध्यम से आपदा एवं आपातकालीन अलर्ट प्रदान कर रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से अब तक प्राकृतिक आपदाओं, मौसम चेतावनियों और चक्रवाती घटनाओं के दौरान 19 से अधिक भारतीय भाषाओं में 134 अरब से अधिक एसएमएस अलर्ट प्रसारित किए जा चुके हैं। आपदा चेतावनी तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए एसएमएस के साथ-साथ अब सेल ब्रॉडकास्ट (सीबी) तकनीक को भी शामिल किया गया है। इस तकनीक के जरिए किसी निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र में सभी मोबाइल उपकरणों पर एक साथ अलर्ट प्रसारित किए जा सकते हैं, जिससे लगभग वास्तविक समय में सूचना पहुंचाना संभव हो जाता है। सुनामी, भूकंप, बिजली गिरने, गैस रिसाव और अन्य रासायनिक खतरों के साथ साथ युद्ध या सैन्य हमले जैसी समय-संवेदनशील परिस्थितियों में यह प्रणाली विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। सेल ब्रॉडकास्ट आधारित इस स्वदेशी सार्वजनिक आपातकालीन अलर्ट सिस्टम के विकास और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सी-डॉट को सौंपी गई है। पहले अभ्यास के तहत दिल्ली-एनसीआर सहित सभी राज्यों की राजधानियों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में एक परीक्षण संदेश भेजा गया। संदेश में कहा गया, ÷भारत द्वारा स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए अपने नागरिकों के लिए त्वरित आपदा चेतावनी सेवा हेतु सेल ब्रॉडकास्ट का शुभारंभ। सचेत नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। इस संदेश की प्राप्ति पर किसी प्रकार की कार्रवाई अपेक्षित नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है। परीक्षण के दौरान मेट्रो, बसों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ अलर्ट आने से कुछ समय के लिए लोगों में भ्रम और घबराहट की स्थिति देखी गई, लेकिन बाद में संदेश पढ़ने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली और स्थिति सामान्य हो गई। सरकार ने इसे 'सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि ऐसे परीक्षण संदेशों से घबराएं नहीं, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल आपदा के समय त्वरित सूचना तंत्र को परखना और मजबूत करना है।

## हरियाणा के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली** । हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष और राज्यपाल के निजी सचिव शंख चटर्जी भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

राज्यपाल ने हरियाणा के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री के निरंतर समर्थन, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य की प्रगति, चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं और अन्य प्रमुख विकास कार्यों से अवगत कराया। राज्यपाल ने भविष्य उन्मुख विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली की अवधारणा पर भी चर्चा की जिसमें आर्टिफिशल इंटेलीजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर शंख चटर्जी ने राज्यपाल और प्रथम महिला के साथ प्रधानमंत्री को अपनी दो लिखित पुस्तकें भेंट कीं।

## स्पिरिट एयरलाइंस 34 साल बाद हुई बंद, सभी उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली** । पश्चिम एशिया में जारी संकट और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच अत्यंत कम लागत वाली अमेरिकी एयरलाइंस कंपनी स्पिरिट एयरलाइन ने 34 साल बाद अपने परिचालन को तुरंत प्रभाव से बंद करने का ऐलान किया है। कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं और ग्राहक सेवा को बंद कर दिया गया है।

एयरलाइन के इस कदम से 17 हजार लोगों की नौकरियां जाने का खतरा है। स्पिरिट एयरलाइंस ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं क्योंकि व्हाइट हाउस से संभावित बेलआउट न मिल पाने के बाद उसने अपने ऑपरेशन्स को व्यवस्थित तरीके से बंद करना शुरू कर दिया है, जो




17 हजार नौकरियों पर संकट

तत्काल प्रभाव से लागू है। एयरलाइन ने कहा स्पिरिट की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। स्पिरिट एविएशन होल्डिंग्स, इंक, जो स्पिरिट एयरलाइंस की मूल कंपनी है, उसने 500 मिलियन डॉलर की बचाव डील हासिल करने में नाकाम रहने के बाद अपना कामकाज बंद कर दिया है दरअसल, बढ़ती ईंधन कीमतों और ईरान युद्ध के असर से कंपनी पहले ही वित्तीय संकट और दिवालियापन से जूझ रही थी। इस बंदी से करीब 17 हजार कर्मचारियों की नौकरियों पर असर पड़ सकता है और विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा घटने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्पिरिट एयरलाइंस ने आज खेद के साथ घोषणा की है कि कंपनी ने अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करना शुरू कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। जिससे टिकटों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है और यात्रियों को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। इसके नतीजे दिखने लगे हैं, हवाई किराया बढ़ रहा है और दूसरी एयरलाइंस इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए आगे आ रही हैं।

## मई की संभावित गर्मी से घबराने की जरूरत नहीं : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने मई महीने में संभावित गर्मी और लू को लेकर जनता से घबराने की बजाय सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। मौसम पूर्वानुमान को सही ढंग से समझकर और दिन-प्रतिदिन की सरल सावधानियों से प्रभाव को कम किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और हीटवेव की स्थिति बन सकती है, लेकिन यह पूरे देश में समान रूप से प्रभावी नहीं होगी। समय पर तैयारी और आईएमडी द्वारा समय-समय पर जारी सलाहों का पालन करके इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने लोगों को सलाह दी कि वे पर्याप्त पानी पिएं, दोपहर की धूप से बचें और बच्चों, बुजुर्गों एवं बाहरी काम करने वालों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के नियमित अपडेट पर नजर रखना जरूरी है।

## संदीप पाठक पर दो एफआईआर दर्ज, भाजपा ने भगवंत मान पर बदले की कार्रवाई का लगाया आरोप




**नई दिल्ली** । आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में दो एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा ने भगवंत सरकार पर निशाना साधते हुए इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में पंजाब की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के आवास पर छापेमारी की कोशिश की, जबकि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले से ही खराब बनी हुई है।

आम आदमी पार्टी की सरकार में पुलिस अपराध पर नियंत्रण करने के बजाय इस तरह की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार के प्रति लोगों के मन में गुस्सा है।

इसी हताशा, निराशा और गुस्से के चलते बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगते हुए 'नई राजनीति' के दावों पर भी सवाल खड़े किए।

## नेपाल दौरे में अमेरिकी विशेष दूत ने सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष से की मुलाकात

**काठमांडू** । अमेरिका के मध्य एवं दक्षिण एशियाई मामलों के विशेष दूत तथा भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने नेपाल के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (आरएसपी) के सभापति रवि लामिछाने से मुलाकात की है। काठमांडू स्थित अमेरिकी दूतावास के अनुसार, गोर शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे लामिछाने से मिलने बूढ़ानीलकण्ठ स्थित उनके निवास पहुंचे थे। लगभग आधे घंटे की बातचीत के बाद वे सुबह 9 बजे वहां से निकल गए। गोर ने आज ही एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचकर 'अल्ट्रा एक्स जेन 2' नामक अमेरिकी कार्गो ड्रोन का परीक्षण उड़ान भी किया था। उनके साथ नेपाल स्थित अमेरिकी दूतावास के कार्यवाहक राजदूत स्कट चार्ज भी बेस कैंप गए थे। हालांकि, ड्रोन उड़ान की अनुमति और कार्यक्रम के बारे में नेपाल सरकार की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। ई-निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-सीओएन-केजीपी-एनएमपी-आरओएच-26-05, दिनांक: 28.04.2026। कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल में नीमपुरा बीसीएन शेड पर वैगनों की आरओएच क्षमता को 250 से 450 प्रति माह तक बढ़ाने के लिए आधारभूत संरचना सुविधाओं के कार्य के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई की आपूर्ति, इरेक्शन, जांच एवं शुरुआत तथा विद्युतीय साधारण सेवा कार्य। **लागत:** रु. 2,68,16,691.10। **बयाना राशि:** रु. 5,36,300। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निर्धारित तारीख:** 22.05.2026। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-107)



### PUNJAB STATE LOTTERIES

PUNJAB STATE DEAR 200 MONTHLY LOTTERY

32nd Draw on 02.05.2026

1st PRIZE Amount for Winner ₹1.50 CRORES — FOR SELLER ₹10Lakhs, FOR SUB-STOCKIST ₹ 5 Lakhs

A 725500 — TICKET ₹200 — 6 PM

Sold by: SELLER - ASHOK BAWA LOTTERY CENTER - PATHANKOT & SUB-STOCKIST - BHANOT ENTERPRISES - LUDHIANA-PUNJAB

2nd Prize Amount For Winner 10 Lakhs + For Seller ₹1 Lakh/- + For Sub-Stockist ₹50,000/-
A 818257 — Sold by : SELLER - SANJAY LOTTERY AGENCY - BATALA & SUB-STOCKIST - SANJAY LOTTERY AGENCY - BATALA-PUNJAB
B 764988 — Sold by : SELLER - HUNAR BHANOT ENTERPRISES - LUDHIANA & SUB-STOCKIST - BHANOT ENTERPRISES - LUDHIANA-PUNJAB

3rd Prize Amount For Winner ₹ 5 Lakhs + For Seller ₹ 50,000/- + For Sub-Stockist ₹ 20,000/-
A 971156 — Sold by : SELLER - MONTY AGENCY - FEROZEPUR & SUB-STOCKIST - NK AGENCY - FEROZEPUR-PUNJAB
B 865592

4th Prize Amount For Winner ₹ 9,000/- + For Seller ₹ 900/- + For Sub-Stockist ₹ 100/- LAST 5 DIGITS
21525 22759 23541 28226 35712
71713 73852 74379 88132 99576

5th Prize Amount For Winner ₹ 8,000/- + For Seller ₹ 800/- + For Sub-Stockist ₹ 50/- LAST 4 DIGITS
0173 2757

6th Prize Amount For Winner ₹ 6,000/- + For Seller ₹ 600/- + For Sub-Stockist ₹ 50/- LAST 4 DIGITS
0038 7879

7th Prize Amount For Winner ₹ 4,000/- + For Seller ₹ 400/- + For Sub-Stockist ₹ 30/- LAST 4 DIGITS
0330 0590 4520 6058 9766

8th Prize Amount For Winner ₹ 2,000/- + For Seller ₹ 200/- + For Sub-Stockist ₹ 20/- LAST 4 DIGITS
2885 5944 7805 9029 9836

LAST 4 DIGITS — 9th Prize Amount For Winner ₹300/- +For Seller ₹30/- +For Sub-Stockist ₹10/- — LAST 4 DIGITS

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0005 | 0366 | 0783 | 1230 | 1742 | 2261 | 2716 | 3099 | 3762 | 4429 | 4948 | 5449 | 6044 | 6341 | 6996 | 7312 | 7842 | 8288 | 8899 | 9353 |
| 0012 | 0401 | 0811 | 1235 | 1783 | 2269 | 2719 | 3117 | 3772 | 4432 | 4965 | 5480 | 6045 | 6416 | 7000 | 7361 | 7856 | 8290 | 8929 | 9360 |
| 0018 | 0403 | 0844 | 1259 | 1790 | 2277 | 2781 | 3139 | 3812 | 4438 | 5011 | 5485 | 6054 | 6435 | 7012 | 7376 | 7859 | 8319 | 8948 | 9361 |
| 0046 | 0447 | 0847 | 1261 | 1799 | 2291 | 2840 | 3161 | 3866 | 4447 | 5015 | 5488 | 6072 | 6624 | 7014 | 7382 | 7867 | 8412 | 8998 | 9368 |
| 0067 | 0490 | 0886 | 1276 | 1836 | 2303 | 2856 | 3179 | 3902 | 4471 | 5026 | 5492 | 6078 | 6648 | 7024 | 7388 | 7883 | 8421 | 9007 | 9394 |
| 0084 | 0492 | 0887 | 1294 | 1843 | 2322 | 2865 | 3213 | 3932 | 4531 | 5098 | 5602 | 6087 | 6742 | 7031 | 7471 | 7894 | 8426 | 9032 | 9431 |
| 0096 | 0494 | 0917 | 1346 | 1850 | 2329 | 2872 | 3247 | 3937 | 4536 | 5128 | 5627 | 6088 | 6745 | 7041 | 7492 | 7912 | 8429 | 9037 | 9441 |
| 0116 | 0498 | 0929 | 1370 | 1851 | 2342 | 2900 | 3291 | 3954 | 4537 | 5143 | 5629 | 6095 | 6750 | 7053 | 7527 | 7929 | 8448 | 9045 | 9457 |
| 0138 | 0502 | 0964 | 1380 | 1855 | 2348 | 2906 | 3305 | 3958 | 4561 | 5147 | 5692 | 6106 | 6772 | 7054 | 7551 | 7935 | 8475 | 9053 | 9469 |
| 0167 | 0506 | 0992 | 1434 | 1912 | 2395 | 2952 | 3345 | 4003 | 4627 | 5163 | 5706 | 6109 | 6786 | 7087 | 7577 | 8001 | 8479 | 9055 | 9509 |
| 0199 | 0525 | 1011 | 1435 | 1929 | 2404 | 2972 | 3397 | 4020 | 4640 | 5189 | 5752 | 6136 | 6836 | 7089 | 7594 | 8012 | 8488 | 9067 | 9518 |
| 0209 | 0530 | 1018 | 1444 | 1949 | 2405 | 2980 | 3406 | 4056 | 4657 | 5201 | 5776 | 6142 | 6860 | 7093 | 7612 | 8023 | 8514 | 9069 | 9534 |
| 0228 | 0555 | 1025 | 1448 | 1993 | 2411 | 2981 | 3408 | 4064 | 4662 | 5233 | 5787 | 6153 | 6865 | 7102 | 7620 | 8025 | 8532 | 9073 | 9719 |
| 0238 | 0558 | 1062 | 1475 | 1995 | 2432 | 2984 | 3457 | 4117 | 4724 | 5238 | 5791 | 6166 | 6868 | 7116 | 7662 | 8034 | 8536 | 9078 | 9764 |
| 0252 | 0605 | 1079 | 1482 | 2004 | 2433 | 2992 | 3491 | 4119 | 4757 | 5261 | 5842 | 6228 | 6876 | 7117 | 7668 | 8052 | 8537 | 9112 | 9812 |
| 0260 | 0606 | 1090 | 1489 | 2050 | 2474 | 2997 | 3499 | 4132 | 4771 | 5269 | 5846 | 6239 | 6897 | 7120 | 7706 | 8085 | 8548 | 9131 | 9821 |
| 0267 | 0622 | 1091 | 1495 | 2125 | 2523 | 3003 | 3501 | 4154 | 4782 | 5275 | 5856 | 6240 | 6902 | 7124 | 7715 | 8089 | 8584 | 9139 | 9834 |
| 0272 | 0624 | 1172 | 1496 | 2135 | 2529 | 3007 | 3592 | 4168 | 4789 | 5318 | 5857 | 6250 | 6908 | 7140 | 7725 | 8092 | 8590 | 9169 | 9896 |
| 0276 | 0634 | 1174 | 1515 | 2140 | 2574 | 3013 | 3615 | 4176 | 4825 | 5321 | 5864 | 6257 | 6911 | 7184 | 7745 | 8144 | 8650 | 9217 | 9899 |
| 0277 | 0643 | 1200 | 1537 | 2152 | 2608 | 3021 | 3643 | 4259 | 4899 | 5370 | 5894 | 6286 | 6912 | 7203 | 7747 | 8145 | 8674 | 9269 | 9906 |
| 0308 | 0688 | 1201 | 1554 | 2156 | 2610 | 3034 | 3649 | 4289 | 4904 | 5375 | 5904 | 6290 | 6926 | 7245 | 7761 | 8148 | 8769 | 9289 | 9912 |
| 0334 | 0747 | 1203 | 1586 | 2212 | 2656 | 3045 | 3663 | 4337 | 4923 | 5384 | 5980 | 6297 | 6932 | 7251 | 7764 | 8189 | 8781 | 9315 | 9921 |
| 0347 | 0761 | 1216 | 1605 | 2231 | 2673 | 3046 | 3713 | 4357 | 4924 | 5402 | 6025 | 6315 | 6959 | 7253 | 7789 | 8202 | 8784 | 9321 | 9932 |
| 0352 | 0778 | 1219 | 1659 | 2233 | 2697 | 3048 | 3732 | 4408 | 4934 | 5411 | 6036 | 6317 | 6964 | 7265 | 7791 | 8232 | 8789 | 9342 | 9934 |
| 0357 | 0782 | 1227 | 1720 | 2252 | 2699 | 3051 | 3752 | 4420 | 4942 | 5415 | 6040 | 6321 | 6980 | 7298 | 7804 | 8234 | 8860 | 9351 | 9951 |

02.05.2026 — *TDS 2% UNDER SECTION 393(3) IT ACT 2025 SHALL BE DEDUCTED ON SELLERS PRIZE AMOUNT W.E.F. 01.04.2026 — Please Check The Results With Relevent Official Government Gazette — 6 PM



### Nagaland State Lotteries — DEAR VISION SATURDAY WEEKLY LOTTERY — 01:00 PM

Draw No:26 Price ₹7/- Draw Date on:02/05/26

1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **89G 01477**

Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **01477**

(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)

2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

01647 41327 44544 50339 62611
66570 81706 83992 89311 97137

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-

0547 2109 2696 2939 3662 4512 5964 8115 8749 9505

4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-

0907 1112 1797 2770 3006 3116 5755 7032 7348 9006

5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0090 | 0668 | 2205 | 2638 | 4182 | 5240 | 6179 | 7108 | 8213 | 9099 |
| 0143 | 0711 | 2304 | 3045 | 4254 | 5538 | 6402 | 7195 | 8299 | 9136 |
| 0163 | 0749 | 2378 | 3226 | 4382 | 5541 | 6569 | 7298 | 8332 | 9142 |
| 0267 | 0792 | 2387 | 3306 | 4488 | 5700 | 6587 | 7395 | 8552 | 9268 |
| 0282 | 0989 | 2481 | 3327 | 4557 | 5751 | 6661 | 7483 | 8765 | 9276 |
| 0362 | 1054 | 2546 | 3575 | 4607 | 5869 | 6870 | 7681 | 8830 | 9362 |
| 0484 | 1059 | 2563 | 3785 | 4619 | 5884 | 6953 | 7712 | 8844 | 9630 |
| 0557 | 1155 | 2592 | 3788 | 4878 | 5950 | 6974 | 8001 | 8854 | 9683 |
| 0620 | 1695 | 2595 | 3872 | 4938 | 6070 | 6996 | 8025 | 8982 | 9736 |
| 0659 | 1895 | 2617 | 3999 | 5030 | 6137 | 7089 | 8208 | 9088 | 9978 |

01:00 PM

Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : nagalandlotteries.com/livedraw YouTube



### Sikkim State Lotteries — DEAR ELITE SATURDAY WEEKLY LOTTERY — 06:00 PM

Draw No : 31 Price ₹7/- Draw Date on : 02/05/26

1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **85A 08132**

Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **08132**

(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)

2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

09351 10792 12517 15588 22477
55178 58052 58628 75317 99927

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-

0250 1164 1557 1801 2711 3228 6308 7055 8413 8691

4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-

0324 3301 3302 3752 4465 4952 5901 6878 6937 8642

5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0428 | 1483 | 2345 | 3113 | 4498 | 5089 | 5846 | 6975 | 7976 | 8763 |
| 0507 | 1599 | 2445 | 3161 | 4504 | 5156 | 5860 | 7049 | 8101 | 8797 |
| 0510 | 1650 | 2457 | 3896 | 4644 | 5188 | 5927 | 7089 | 8209 | 8856 |
| 0680 | 1688 | 2508 | 3917 | 4654 | 5207 | 6197 | 7097 | 8260 | 8941 |
| 0698 | 2104 | 2550 | 3949 | 4696 | 5403 | 6571 | 7151 | 8387 | 9029 |
| 0952 | 2154 | 2561 | 3957 | 4830 | 5447 | 6612 | 7227 | 8474 | 9103 |
| 1028 | 2173 | 2828 | 3968 | 4926 | 5456 | 6688 | 7474 | 8538 | 9228 |
| 1237 | 2187 | 2939 | 4144 | 4935 | 5655 | 6884 | 7493 | 8552 | 9501 |
| 1293 | 2206 | 3022 | 4235 | 4964 | 5660 | 6942 | 7595 | 8705 | 9587 |
| 1435 | 2275 | 3095 | 4337 | 5072 | 5715 | 6958 | 7894 | 8752 | 9956 |

06:00 PM

Issued by :The Principal Director, Sikkim State Lotteries, Gangtok
Watch Live Draw On : sikkimlotteries.com/livedraw YouTube



### Nagaland State Lotteries — DEAR LUCKY SATURDAY WEEKLY LOTTERY — 08:00 PM

Draw No: 26 Price ₹7/- Draw Date on: 02/05/26

1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **54A 74015**

Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **74015**

(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)

2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-

06436 07177 12531 23780 40679
50648 62047 70142 76736 94582

3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-

0059 1324 1702 2831 5978 7204 8375 8593 8595 9385

4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-

2909 5375 6489 6770 6860 7137 7285 8047 8618 9260

5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0168 | 1259 | 2182 | 3961 | 4805 | 5653 | 6646 | 7267 | 8271 | 8840 |
| 0186 | 1487 | 2267 | 4155 | 5174 | 5812 | 6731 | 7331 | 8306 | 8965 |
| 0233 | 1536 | 2337 | 4250 | 5206 | 5868 | 6793 | 7371 | 8357 | 9007 |
| 0781 | 1724 | 2622 | 4300 | 5217 | 6051 | 6811 | 7396 | 8658 | 9168 |
| 0846 | 1753 | 2665 | 4341 | 5303 | 6069 | 6832 | 7427 | 8666 | 9209 |
| 0902 | 1888 | 2679 | 4446 | 5338 | 6150 | 6878 | 7598 | 8726 | 9287 |
| 0972 | 1999 | 3137 | 4539 | 5456 | 6343 | 6952 | 7844 | 8729 | 9524 |
| 0998 | 2046 | 3357 | 4695 | 5487 | 6363 | 7008 | 8100 | 8764 | 9540 |
| 1115 | 2100 | 3507 | 4721 | 5614 | 6494 | 7064 | 8127 | 8809 | 9620 |
| 1154 | 2149 | 3917 | 4768 | 5643 | 6620 | 7142 | 8203 | 8816 | 9628 |

08:00 PM

Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : nagalandlotteries.com/livedraw YouTube

* TDS 2% UNDER SECTION 393(3) IT ACT 2025 SHALL BE DEDUCTED ON SELLERS PRIZE AMOUNT W.E.F. 01.04.2026
PLEASE CHECK THE RESULTS WITH RELEVENT OFFICIAL GOVERNMENT GAZATTE

प्रथम प्रकाशन 1878
भारतमित्र

# मतगणना कल, गिनती से पहले बाजारों में दिखा चुनावी रंग



**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल में 4 मई को होने वाली मतगणना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। राज्य के विभिन्न जिलों, खासकर पश्चिम बर्दवान के दुर्गापुर और आसनसोल इलाके में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और बेचैनी दोनों साफ देखने को मिल रही है। मतगणना से पहले स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर दोनों दलों की ओर से निगरानी और पहरेदारी और भी तेज कर दी गई है। मतदान समाप्त होने के बाद से ही राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता लगातार स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर डटे हुए हैं। कई जगहों पर पार्टी समर्थकों ने अस्थायी कैंप भी बना लिए हैं, जहां दिन-रात कार्यकर्ता मौजूद रहकर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पार्टी स्तर पर सतर्क रहना जरूरी है। भाजपा नेताओं का दावा है कि इस बार राज्य की जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और कई सीटों पर पार्टी को बड़ी सफलता मिलने वाली है। वहीं तृणमूल कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राज्य की जनता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विकास कार्यों और योजनाओं पर भरोसा जताते हुए फिर से तृणमूल को भारी बहुमत देगी। दोनों दलों की ओर से लगातार जीत के दावे किए जा रहे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और भी गरमा गया है। मतगणना को लेकर आम लोगों में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही है। चाय दुकानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चुनाव परिणाम को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। लोग अपने-अपने अनुमान लगा रहे हैं और किस सीट पर कौन आगे रहेगा, इसको लेकर बहस भी तेज हो गई है। इधर चुनावी माहौल का असर बाजारों में भी साफ दिखाई दे रहा है। दुर्गापुर, आसनसोल और आसपास के इलाकों में भगवा और हरे रंग के गुलाल की बिक्री अचानक बढ़ गई है। कई दुकानदारों ने बताया कि मतगणना से पहले ही राजनीतिक दलों के समर्थक बड़ी मात्रा में गुलाल और पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार हर चुनाव की तरह इस बार भी समर्थक जीत का जश्न मनाने की तैयारी पहले से कर चुके हैं।

### प्रशासन ने कड़ी की सुरक्षा व्यवस्था

प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना केंद्रों के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल, रैफ और केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कई संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## मेमारी स्टेशन क्षेत्र में बेदखली नोटिस से बढ़ा तनाव






**मेमारी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होते ही मेमारी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक बार फिर बेदखली की आशंकाओं ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा स्टेशन परिसर में बेदखली संबंधी नोटिस लगाए जाने के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। इस घटनाक्रम ने न केवल प्रशासनिक हलकों में हलचल मचाई, बल्कि राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मेमारी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान तीन से चार बार बेदखली के नोटिस जारी किए जा चुके हैं। हर बार विरोध प्रदर्शनों और जनदबाव के कारण कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन इस बार मतदान समाप्त होने के महज 48 घंटे के भीतर नोटिस जारी होने से लोगों में असंतोष और अधिक गहरा गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा निवासियों और व्यापारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर स्थान खाली करने का निर्देश दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों छोटे व्यापारी और उनके परिवार असमंजस की स्थिति में हैं। कई लोग पिछले चार से पांच दशकों से इस क्षेत्र में अपने व्यवसाय चला रहे हैं और यही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। अचानक बेदखली की आशंका ने उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि उन्हें हटाया गया, तो उनके पास रोजगार का कोई वैकल्पिक साधन नहीं बचेगा। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और तृणमूल कांग्रेस के नेता रासबिहारी हल्दर शनिवार सुबह मेमारी स्टेशन क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर

### व्यापारी विरोध में उतरे

उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद रेलवे अधिकारियों से भी बातचीत की। हलदर ने स्थिति का जायजा लेने के बाद मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कदम असंवेदनशील और जल्दबाजी में लिया गया निर्णय प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि मेमारी क्षेत्र के लोग लंबे समय से रेलवे ओवरब्रिज जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें बेदखली की नोटिस थमायी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी कानून के दायरे में रहकर छोटे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के साथ खड़ी रहेगी तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी। वहीं, व्यापारियों के बीच आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने इसे आजीविका पर सीधा हमला बताया है। उनका कहना है कि बार-बार नोटिस जारी होने और फिर स्थगित होने की प्रक्रिया ने उन्हें अस्थिरता के दौर में डाल दिया है, जिससे मानसिक और आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। कुछ व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो वे व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दूसरी ओर, रेलवे प्रशासन का कहना है कि स्टेशन परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमों के तहत की जा रही है और इसका उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना तथा सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना है। हालांकि, इस बयान के बावजूद स्थानीय लोगों की चिंताएं कम नहीं हुई हैं।

## ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र में मना मजदूर दिवस



**दुर्गापुर।** ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में सबसे पहले क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अनंत घोष की मुख्य उपस्थिति में श्रमिक बंधुओं के श्रम को नमन किया गया। इस अवसर पर माननीय कोयला मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी तथा ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री सतीश झा की ओर से प्रेषित शुभकामना संदेशों का पाठ सभी के बीच किया गया। वहीं, सभी को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री घोष ने सबसे पहले मज़दूरों के उस समर्पण को प्रणाम किया जिसकी बदौलत राष्ट्र की ऊर्जा सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मौकों पर हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने श्रमिक साथियों को नमन करें और उनके कल्याणार्थ कार्य करें। उन्होंने समस्त कुनुस्तोड़िया परिवार को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में आयोजित इस समारोह को श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। वहीं, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक श्री संदेश वडाड़े ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह में क्षेत्र की कोलियरियों के अभिकर्ता, विभागीय प्रधान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ क्षेत्र के सभी इकाई कार्यालयों में भी मजदूर दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए।

# तालाब में मिला तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव




**दुर्गापुर।** पश्चिम बर्दवान जिले के औद्योगिक क्षेत्र दुर्गापुर में शनिवार सुबह एक रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। तीन दिनों से लापता एक व्यक्ति का शव उसके घर के समीप स्थित तालाब से बरामद किया गया। स्थानीय लोगों ने जब पानी में शव को तैरते देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय श्रीमंत डे के रूप में हुई है, जो दुर्गापुर के धांडाबाग क्षेत्र के सुकांत पल्ली का निवासी था। बताया जा रहा है कि वह पिछले तीन दिनों से अपने घर से लापता था। शनिवार सुबह जब कुछ स्थानीय लोग तालाब के पास पहुंचे, तो उन्हें पानी में कुछ संदिग्ध वस्तु तैरती हुई दिखाई दी। करीब जाकर देखने पर यह स्पष्ट हुआ कि वह एक शव है, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच के दौरान शव की स्थिति काफी खराब पाई गई, जिससे उसकी पहचान करना तुरंत संभव नहीं हो सका। बाद में परिजनों और स्थानीय लोगों की सहायता से मृतक की पहचान श्रीमंत डे के रूप में की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक के पारिवारिक जीवन में कुछ समय से तनाव चल रहा था। हालांकि, पुलिस ने इस जानकारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। इसके बावजूद जांच अधिकारी इस मामले को केवल आत्महत्या मानने के पक्ष में नहीं हैं और सभी संभावित पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

इस घटना ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि व्यक्ति के तीन दिनों तक लापता रहने के बावजूद परिजनों द्वारा समय पर पुलिस में शिकायत क्यों दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि कहीं इस मामले में कोई आपराधिक तत्व तो शामिल नहीं है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि व्यक्ति तालाब तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल के आसपास के हालात का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया है। फिलहाल, यह मामला एक रहस्य बना हुआ है और सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हैं, जो इस घटना की सच्चाई को सामने लाएगी।

# आसनसोल में तापमान गिरने से राहत पर उमस बरकरार




**आसनसोल।** शनिवार सुबह आसनसोल में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया, जिससे पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को आंशिक राहत मिली। तापमान में आई गिरावट ने वातावरण को अपेक्षाकृत सुहावना बना दिया, हालांकि हवा में नमी अधिक होने के कारण दिन के समय हल्की उमस का अनुभव बना रहा। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, शहर का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 5 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा।

मौसम में आए इस बदलाव को स्थानीय लोग राहत के रूप में देख रहे हैं। बीते दिनों में तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार को तापमान में आई गिरावट से सुबह और शाम के समय वातावरण अधिक आरामदायक हो गया, जिससे दैनिक गतिविधियों में भी कुछ सहजता आई।

आर्द्रता के स्तर में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 85 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि न्यूनतम आर्द्रता 60 प्रतिशत रही। अधिक नमी के कारण हवा में हल्की चिपचिपाहट महसूस की जा रही है, जिससे दोपहर के समय कुछ असहजता बनी रह सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्द्रता अधिक होने के कारण तापमान कम होने के बावजूद गर्मी का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं होता। वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1 मई की सुबह 8:30 बजे से 2 मई की सुबह 8:30 बजे तक शहर में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई और कुल वर्षा शून्य मिलीमीटर रही। हालांकि, पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में नमी बनी हुई है, जिससे मौसम में ठंडक का आभास हो रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में आसनसोल का मौसम अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है और निकट भविष्य में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि तापमान में यह गिरावट अस्थायी हो सकती है और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि भी हो सकती है। हालांकि, बादलों की आंशिक उपस्थिति और नमी के कारण मौसम पूरी तरह गर्म नहीं होगा। विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। दिन के समय पर्याप्त पानी का सेवन करें और अधिक उमस के कारण होने वाली थकान से बचने के लिए हल्के कपड़े पहनें। सुबह और शाम के समय बाहर निकलना अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जा रहा है, जबकि दोपहर में अनावश्यक धूप से बचने की सलाह दी गई है। कुल मिलाकर, आसनसोल में शनिवार का मौसम गर्मी से राहत देने वाला जरूर रहा, लेकिन उमस के कारण पूरी तरह आरामदायक नहीं कहा जा सकता।

## हीमोफीलिया सोसाइटी : दुर्गापुर चैप्टर ने मनाई 27वीं वर्षगांठ




**दुर्गापुर।** हीमोफीलिया सोसाइटी - दुर्गापुर चैप्टर ने गर्व के साथ अपनी 27वीं वर्षगांठ मनायी। इस विशेष और शुभ अवसर पर, दुर्गापुर चैप्टर ने सभी चिकित्सा पेशेवरों, नर्सों, सरकारी अधिकारियों, स्वयंसेवकों, शुभचिंतकों, मीडिया कर्मियों, हीमोफीलिया फेडरेशन (इंडिया), सेव वन लाइफ (एसओएल, यूएसए) और अपने सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति उनके अटूट समर्पण, दयालु देखभाल और पूरे दिल से दिए गए सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि आपका निरंतर सहयोग हमें अपने इस विज़न के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर, हीमोफीलिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पैदल चलने वाले लोगों के बीच पर्चे वितरित किए गए, जिनमें इसके प्रमुख लक्षणों और संकेतों की जानकारी दी गई। साथ ही, लोगों के बीच ठंडे पेय पदार्थ भी वितरित किए गए। हीमोफीलिया सोसाइटी – दुर्गापुर चैप्टर जागरूकता फैलाने, बेहतर उपचार सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने और हीमोफीलिया से प्रभावित हर व्यक्ति एवं परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहने के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

## कल्ला चौराहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण टक्कर, बाल-बाल बचे मजदूर



**आसनसोल।** औद्योगिक नगर आसनसोल में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। कल्ला चौराहे के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए इस हादसे में एक तेज रफ्तार पिकअप वैन सड़क किनारे खड़ी लॉरी से जा टकराई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि पिकअप वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार मजदूर किसी बड़ी अनहोनी से बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर लगभग चार बजे की है। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 की दुर्गापुर जाने वाली लेन पर एक लॉरी अचानक सड़क किनारे खड़ी हो गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक पिकअप वैन, जिसमें कई मजदूर सवार थे, चालक के नियंत्रण खो देने के कारण सीधे लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वैन तेज गति में थी और चालक को सामने खड़ी लॉरी का अंदाजा समय पर नहीं हो सका। अचानक ब्रेक लगाने की कोशिश के बावजूद वाहन को नियंत्रित नहीं किया जा सका और जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सबसे पहले घायल होने की आशंका के बीच सभी यात्रियों की जांच की, लेकिन सौभाग्य से किसी के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य करने का कार्य शुरू किया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच में बताया कि हादसे का मुख्य कारण तेज गति और चालक की लापरवाही प्रतीत हो रही है। साथ ही, सड़क किनारे खड़ी लॉरी के कारण दृश्यता प्रभावित होने की संभावना भी जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर सुरक्षा मानकों को और सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल, इस हादसे में जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन यह घटना सभी के लिए एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है।

# मध्य पूर्व तनाव से महंगा हुआ गैस सिलिंडर



**आसनसोल।** मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब सीधे भारत की अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन पर दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने के बीच शनिवार को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे व्यापारिक गतिविधियों, विशेषकर होटल और रेस्तरां उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इस मूल्यवृद्धि ने व्यापार जगत में चिंता की लहर पैदा कर दी है। आसनसोल के होटल एवं रेस्तरां व्यवसाय से जुड़े संगठनों ने इस फैसले को अपने लिए चुनौतीपूर्ण बताया है। फोसबेकी (होटल-रेस्तरां संघ) के अध्यक्ष सचिन राय ने कहा कि एक साथ इतनी बड़ी वृद्धि छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायियों के लिए गंभीर झटका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर होटल उद्योग की मूलभूत आवश्यकता है, और इसकी कीमतों में अचानक वृद्धि से संचालन लागत में भारी इजाफा होगा। सचिन राय के अनुसार, कोई

### होटल-रेस्तरां कारोबार पर बढ़ा दबाव

भी व्यवसायी बढ़ी हुई लागत को लंबे समय तक स्वयं वहन नहीं कर सकता। आने वाले दिनों में यदि अंतरराष्ट्रीय स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भी वृद्धि की संभावना बनी हुई है। ऐसे में आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारिक वर्ग के सामने आर्थिक चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में लगभग एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, जिसका सीधा असर होटल और रेस्तरां के संचालन खर्च पर पड़ेगा। आसनसोल के होटल गीतांजलि से जुड़े व्यवसायी शुभोजित घांटी ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कीमतों में वृद्धि का असर व्यवसाय पर पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि अब तक जिन दरों पर ग्राहकों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था, उनमें संशोधन करना पड़ सकता है, क्योंकि बढ़ी हुई लागत को लंबे समय तक वहन करना संभव नहीं है। शुभोजित घांटी ने यह भी कहा कि वर्तमान स्थिति को केवल घरेलू निर्णय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके पीछे वैश्विक कारण हैं । हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी एक वस्तु की कीमत बढ़ने से उसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। ऊर्जा संकट के बीच वैकल्पिक उपायों पर भी चर्चा तेज हो गई है। शुभोजित घांटी ने बताया कि तेल कंपनियां अब होटल उद्योग को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की ओर रुख करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गापुर में पीएनजी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में आसनसोल में भी इसका विस्तार होने की संभावना है। इसके अलावा, सौर ऊर्जा जैसे विकल्पों को अपनाने पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम की जा सके। फिलहाल, गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक अस्थिरता का प्रभाव स्थानीय व्यापार और आम जीवन पर किस तरह पड़ता है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार और उद्योग मिलकर ऐसे समाधान तलाशें, जिससे आर्थिक दबाव कम हो और विकास की गति प्रभावित न हो।

# बिहार में आंधी-बारिश से 14 लोगों की मौत, गर्मी से राहत तो मिली लेकिन चुकानी पड़ी जान



**पटना, एजेंसी।** बिहार में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को आखिरकार राहत तो मिली है, लेकिन यह राहत भारी कीमत चुकाकर आई है। आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की घटनाओं ने पूरे राज्य में तबाही मचा दी है। अलग-अलग जिलों में हुई इन घटनाओं में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।

**बिहार में मौसम ने ली करवट :** मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने जहां तापमान को नीचे गिराया है, वहीं जनजीवन को काफी प्रभावित किया है। तेज आंधी और तूफान के कारण कई जगह पेड़, बिजली के खंभे और तार गिर गए, जिससे बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई इलाकों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। सड़कों पर गिरे पेड़ों के कारण यातायात व्यवस्था भी ठप हो गई और लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

**पूरे राज्य में 14 लोगों की मौत :** बेगूसराय में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से एक युवक की मलबे में दबकर मौत हो गई। हाजीपुर में पेड़ गिरने से एक छह साल के मासूम की जान चली गई। मरहौरा में भी इसी तरह की घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। औरंगाबाद में शादी समारोह में शामिल होने गए 50 वर्षीय अक्षय राम की वज्रपात से मौत हो गई। मधुबनी में बिजली गिरने से छह लोग घायल हुए, जबकि दो लोगों की जान चली गई।

पश्चिम चंपारण में भी दो लोगों की मौत हुई। एक पेड़ गिरने से और दूसरा ई-रिक्शा पलटने से। दरभंगा और मुजफ्फरपुर में दो-दो लोगों की जान गई, जबकि समस्तीपुर में एक व्यक्ति की मौत हुई। खगड़िया जिले में भी वज्रपात की एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां गगौर थाना क्षेत्र के जहांगिरा पंचायत के सदानंद कठोरा गांव में 25 वर्षीय मिथलेश कुमार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**किसानों को भारी नुकसान :** सीतामढ़ी सहित कई जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। कुछ जगहों पर बिजली गिरने से घरों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं। आंधी और ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर खेती पर पड़ा है। खासकर आम और लीची की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं और ओलों ने फलों को पेड़ों से गिरा दिया, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

**येलो अलर्ट जारी :** फिलहाल, मौसम विभाग ने राज्य के 33 जिलों में आंधी-तूफान और बारिश को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। विभाग के अनुसार, इन क्षेत्रों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, साथ ही गरज-चमक और वज्रपात की भी संभावना बनी हुई है। यह स्थिति 3 मई तक जारी रहने की आशंका है।

**सतर्क रहने की हिदायत :** ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, खुले स्थानों से बचने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील किया है कि उनके मोबाइल पर जब भी अलर्ट मैसेज जाता है तो उसके बाद सतर्क हो जाएं और उसी के अनुसार अपनी योजना बनाएं। मौसम विभाग की ओर से जब मौसम खराब होता है तो उसके 15 से 20 मिनट पहले लोगों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज भेजा जाता है।

**क्यों अचानक मौसम ने ली करवट :** दरअसल, पिछले सप्ताह तक बिहार के अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका था। तेज धूप और लू जैसी गर्म हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। हालांकि, अब बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, प्री-मानसून गतिविधियों के कारण वातावरण में अस्थिरता आई है, जिसके चलते कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं।

## गयाजी के मानपुर में अंधाधुंध फायरिंग से दहला इलाका

**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी के मानपुर इलाके की शिवपुरी कॉलोनी के रोड नंबर एक में आपसी वर्चस्व को लेकर शनिवार की सुबह अंधाधुंध फायरिंग से इलाका दहल गया। सुबह-सुबह हुई इस फायरिंग से लोग सहम गये। सूचना है कि शनिवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक घर को निशाना बनाते हुए फायरिंग की है। जिससे किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। इस मामले में पुलिस अभी कुछ कहने से इन्कार कर रही है।

आपसी वर्चस्व में गोलीबारी की गयी है। अपराधियों ने एक घर को निशाना बनाते हुए फायरिंग की है । जिससे मकान की खिड़की का शीशा फूट गया है। साथ ही दीवारों पर गोलियों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। गोलीबारी करते हुए बाइक सवार बदमाश वहां से भाग गये।

इस घटना की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। इससे कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है । पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की किल्लत से हाहाकार, पंपों पर लगी लंबी कतारें

**शिवहर, एजेंसी।** शिवहर शहर और इसके आसपास के इलाकों में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की भारी किल्लत हो गई है। ईंधन की कमी के कारण जिले में हाहाकार मचा हुआ है। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही बाइक, चार पहिया वाहनों और ऑटो की लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। ईंधन नहीं मिलने के कारण कई लोग मायूस होकर घर लौट रहे हैं, वहीं दर्जनों लोग इस उम्मीद में पंप पर ही डटे हैं कि शायद तेल की आपूर्ति बहाल हो जाए।ईंधन संकट का सबसे बुरा असर परिवहन सेवाओं पर पड़ा है। सीएनजी ऑटो चालकों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे पिछले दो से तीन दिनों से गैस के लिए कतार में खड़े हैं। काम-काज ठप होने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। वहीं, बाइक सवारों का कहना है कि वे शहर के एक पंप से दूसरे पंप का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है।पेट्रोल पंप के नोजल मैन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि पेट्रोल की जो खेप आई थी, वह समाप्त हो गई है। फिलहाल सीएनजी गैस उपलब्ध है और ऑटो चालकों को बारी-बारी से गैस दी जा रही है। हालांकि, उन्होंने एक नई समस्या की ओर इशारा करते हुए कहा कि बारिश के कारण विद्युत विभाग द्वारा बार-बार बिजली काटी जा रही है। बिजली नहीं रहने के कारण मशीनों से गैस भरने में देरी हो रही है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

### क्लासरूम में शिक्षक बनकर पहुंचे डीएम, बच्चों ने भी दागे कई सवाल

**चंपारण, एजेंसी।** पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल शनिवार सुबह अचानक लखौरा स्थित श्री रामदवन विभीषण उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय (आदर्श विद्यालय) जा पहुँचे। सुबह 10 बजे जब डीएम औचक निरीक्षण के लिए विद्यालय परिसर में दाखिल हुए, तो हड़कंप मच गया। लेकिन निरीक्षण के दौरान डीएम का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला, जहाँ वे एक प्रशासनिक अधिकारी की जगह एक शिक्षक की भूमिका में नजर आए। जिलाधिकारी सीधे क्लासरूम में दाखिल हुए और बच्चों से रूबरू हुए। पहले तो बच्चे डीएम को देखकर थोड़े घबराए, लेकिन जब उन्होंने शिक्षक की तरह बच्चों से संवाद शुरू किया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। डीएम ने न केवल बच्चों को पढ़ाया, बल्कि उनसे सामान्य ज्ञान के कई प्रश्न भी पूछे। इस दौरान बच्चों ने भी बेझिझक होकर डीएम से कई सवाल दागे, जिनका उन्होंने बड़ी आत्मीयता से जवाब दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपलब्ध स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर क्लास, लाइब्रेरी और जिम की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और बच्चों की ड्रेस कोड में उपस्थिति की सराहना की। डीएम ने क्लासरूम में मौजूद शिक्षकों से वर्तमान में पढ़ाए जा रहे पाठ की जानकारी ली और निर्देश दिया कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### गोपालगंज से युवाओं को 'सूखा नशा' परोसने वाला गिरफ्तार

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के मांझा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सूखा नशा युवाओं को उपलब्ध कराने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बहोराहाता पुल के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक अपाची बाइक पर सवार एक युवक और एक महिला को रोककर तलाशी ली गयी। जांच के दौरान उनके पास से करीब 95 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसके अलावा 600 रुपये नगद और दो मोबाइल फोन भी जब्त किये गये। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के करस घाट गांव के निवासी बलिस्टर सिंह का पुत्र हरकेश सिंह जबकि साथ में मौजूद महिला को भी हिरासत में लिया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, 'सूखा नशा' का कारोबार गांवों तक फैल चुका है। जिससे युवा पीढ़ी तेजी से प्रभावित हो रही है। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई नशे के इस जाल को तोड़ने की दिशा में अहम मानी जा रही है। इस मामले में मांझा थाना कांड संख्या दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुट गयी है।

### पटना के पॉश इलाके में युवक का मिला शव, परिजन बोले- 'पीट-पीटकर जान ले ली'

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में शव की बरामदगी हुई है। बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना राजा पुल गेट नंबर 22 के पास की है, जहां स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों को इसकी जानकारी दी गई।मृतक की पहचान मानपुर निवासी 31 वर्षीय शिव शंकर चौहान के रूप में की गई है। वह पेशे से राजमिस्त्री था और पूर्व में ऑटो चालक के रूप में भी कार्य कर चुका था। चोरी के केस में तीन बार जेल भी जा चुका था।पीट-पीटकर हत्या हुई- परिजन : घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है।

## शराब के नशे में घर में घुसा जेठ, महिला से की मारपीट, जान से मारने की दी धमकी



**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद का मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपने ही घर की महिला सदस्य के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दौराला क्षेत्र के नंगली आजड गांव निवासी ममता ने अपने जेठ खेमचंद के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार 20 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे उसका जेठ शराब के नशे में उसके घर में घुस आया।

आरोप है कि घर में घुसते ही उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर ममता के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें भी आई।पीड़िता के अनुसार जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**महिलाकर्मी से दुर्व्यवहार समेत कई गंभीर आरोप**

# प्रशासन ने लिया सख्त एक्शन, पांच छात्र किए गए निलंबित

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार और हंगामे के मामले में पांच छात्रों को निलंबित किया गया है। छात्रों पर अनधिकृत प्रवेश, अभद्रता और प्रशासनिक कार्य में बाधा के आरोप हैं। जांच पूरी होने तक उन्हें परिसर और छात्रावास से दूर रखा गया है तथा स्पष्टीकरण मांगा गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार समेत कई गंभीर आरोपों के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पांच छात्रों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 17 अप्रैल को गंगा महिला छात्रावास में हुई घटना और 28 अप्रैल को कुलपति कार्यालय में हुए हंगामे को ध्यान में रखते हुए की गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 17 अप्रैल को सीतापुर रोड स्थित द्वितीय परिसर के गंगा महिला छात्रावास में कुछ छात्रों ने अनाधिकृत प्रवेश इस दौरान प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने, विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने और एक महिला कर्मचारी के साथ अनुचित व्यवहार व आपत्तिजनक स्पर्श जैसे गंभीर आरोप सामने आए।

इसके अतिरिक्त, 28 अप्रैल को मुख्य परिसर में बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, कुलपति कक्ष में जबरन प्रवेश का प्रयास, कुलपति आवास की ओर जाते समय रास्ता रोकने, वाहन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश और अधिकारियों के साथ अभद्रता के आरोप भी लगाए गए हैं।

निलंबित छात्रों में प्रेम प्रकाश यादव (एमए हिंदी प्रथम वर्ष), प्रसन्न शुक्ला (एमए एआईएच प्रथम वर्ष), शशि प्रकाश (एमए लोक प्रशासन प्रथम वर्ष), हर्षित शुक्ला (एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम द्वितीय सेमेस्टर) और रूपेंद्र बहादुर सिंह (एमए कॉम्पोजिट हिस्ट्री प्रथम वर्ष) शामिल हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों को तीन कार्य दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जांच अवधि के दौरान उन्हें परिसर, छात्रावास और अन्य विश्वविद्यालय सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है।

## ओवरलोड डंपरों की जोरदार भिड़ंत, दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में नौबस्ता एलिवेटेड पुल पर शनिवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। खराब खड़े मौरंग लदे डंपर में पीछे से आ रहा दूसरा डंपर जा घुसा। हादसे में कालपी के छौंक निवासी सगे भाई कमलकांत (27) और दीपक (25) की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब साढ़े चार बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई डंपर के केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही ट्रैफिक और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। करीब तीन घंटे तक दोनों को निकालने की कोशिश चलती रही, लेकिन गंभीर रूप से फंसे होने के कारण उन्हें बाहर नहीं निकाला जा सका। मौके पर दो क्रेन मंगवाकर दोनों डंपरों को आगे-पीछे खींचा गया, तब जाकर केबिन काटकर दोनों भाइयों को बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जालौन के कदौरा निवासी डंपर मालिक के परिजन अमन ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे आखिरी बार दीपक से बात हुई थी।

### पुल पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया

उसने बताया था कि वे नौबस्ता पहुंचने वाले हैं। इसके कुछ देर बाद हादसे की सूचना मिली। दोनों भाई कालपी से मौरंग लादकर उन्नाव जा रहे थे। हादसे के कारण पुल पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बाद में हाईवे कर्मियों ने सड़क पर फैली मौरंग हटाकर यातायात बहाल कराया। हनुमंत विहार थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि खड़े डंपर में पीछे से टक्कर लगने से हादसा हुआ। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या, नीम के पेड़ से लटका मिला शव, मौत की वजह बनी रहस्य



**कानपुर, एजेंसी।** औरैया जिले में अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर में शनिवार सुबह एक युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीण अपने-अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले, तो उन्होंने गांव निवासी युवती का शव घर के बाहर खड़े नीम के पेड़ से लटका देखा। यह दृश्य देखते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और गांव में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही अयाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य संकलित करते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, जिससे मामला अभी रहस्यमय बना हुआ है।

**युवती ने आगे की पढ़ाई छोड़ दी थी :** मृतका की पहचान शिवानी (19) पुत्री पल्लू सिंह दोहरे, निवासी प्रेमनगर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शिवानी ने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई की थी, लेकिन आगे की पढ़ाई छोड़ दी थी। पिता खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। एक बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और दो छोटे भाई हैं।

**शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा :** बताया गया कि शिवानी ने घर के बाहर नीम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फंदा लगाया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ अजीतमल मनोज गंगवार ने बताया किन प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला हे। कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# गिरफ्तारी का कारण न बताना गैरकानूनी

## हाईकोर्ट ने सरकार पर लगाया 10 लाख हर्जाना




**लखनऊ, एजेंसी।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्वीकार करते हुए एक व्यक्ति की गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित कर तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने पाया कि पुलिस ने गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को लिखित आधार उपलब्ध नहीं कराए थे।

कोर्ट ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन मानते हुए यूपी सरकार पर 10 लाख रुपये का हर्जाना लगाया। कोर्ट ने सरकार को यह राशि चार सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को भुगतान करने का निर्देश दिया है। साथ ही सरकार को दोषी अधिकारियों से इसकी वसूली करने की छूट भी दी है।

प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह फैसला उन्नाव में गिरफ्तार मनोज कुमार की ओर से उसके पुत्र मुदित द्वारा दाखिल याचिका पर दिया। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों के लिए यह अनिवार्य है कि गिरफ्तारी के आधार लिखित में दिए जाएं।

दरअसल, मनोज कुमार को 27 जनवरी 2026 को थाना असीवन, जिला उन्नाव में दर्ज एक मुकदमे के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के कारण वाले कॉलम में केवल मुकदमे की अपराध संख्या दर्ज थी। इसके बाद 28 जनवरी को मजिस्ट्रेट ने आरोपी की रिमांड मंजूर कर ली।

याचिकाकर्ता ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को हाईकोर्ट में चुनौती दी और तर्क दिया कि उसे गिरफ्तारी के आधार लिखित में नहीं बताए गए, जो एक अनिवार्य संविधानिक सुरक्षा का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हाए रिमांड आदेश रद्द कर दिया और कहा कि यदि व्यक्ति किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। साथ ही सरकार को दोषी अधिकारियों से हर्जाने की वसूली करने की छूट दी है।

**बीपीएससी ने रद्द की एईडीओ परीक्षा,**

# 935 पदों की भर्ती प्रक्रिया पर लगा ब्रेक, 32 अभ्यर्थी बैन




**पटना, एजेंसी।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। बिहार लोक सेवा आयोग यानी बीपीएससी ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी भर्ती परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया है। यह परीक्षा 935 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित की जा रही थी, लेकिन परीक्षा के दौरान सामने आए कदाचार के प्रयासों और गड़बड़ी की आशंका के बाद आयोग ने सख्त कदम उठाते हुए पूरी परीक्षा को निरस्त कर दिया है।

आयोग ने बताया है कि परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कदाचार करने की कोशिश की गई थी। जिला प्रशासन की सतर्कता के कारण इन गतिविधियों का समय रहते पता चल गया और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अन्य दंडात्मक कार्रवाई शुरू की गई। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में 32 अभ्यर्थियों को कदाचार का प्रयास करने और परीक्षा में गड़बड़ी की साजिश रचने के आरोप में आगामी परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

केंद्रों पर गड़बड़ी का आरोपः हालांकि, आयोग ने यह भी साफ किया है कि जांच के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने या वायरल होने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। किसी भी सीरीज के प्रश्नपत्र के लीक होने की पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह कड़ा फैसला लिया गया है। आयोग का कहना है कि कुछ केंद्रों पर हुई गड़बड़ियों से परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका बनी, जिसे देखते हुए परीक्षा रद्द करना जरूरी हो गया।

कब हुई थी परीक्षाः यह परीक्षा 14 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक कुल 9 पालियों में आयोजित की गई थी। इसके अलावा, विज्ञापन संख्या 108/2025 के तहत 23 अप्रैल 2026 को आयोजित सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की लिखित परीक्षा को भी आयोग ने निरस्त कर दिया है। यानी दो महत्वपूर्ण भर्तियों की परीक्षा फिलहाल रद्द कर दी गई है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों पर इसका सीधा असर पड़ा है।

आयोग ने क्यों रद्द की परीक्षाः आयोग ने कहा है कि मेधावी अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा, परीक्षा प्रक्रिया को कदाचारमुक्त बनाए रखने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। बीपीएससी ने दोहराया कि वह निष्पक्ष और स्वच्छ परीक्षा आयोजित कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग की इस निर्णय के बाद अभ्यर्थियों में निराशा है।

आयोग ने दिया आश्वासनः अभ्यर्थियों में निराशा इस बात को लेकर है कि काफी दूर और काफी पैसे खर्च कर परीक्षा देने जाना पड़ा था और परीक्षा कैंसिल हो गई। फिलहाल आयोग की ओर से दोबारा परीक्षा की नई तारीखों को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। आयोग ने कहा है कि आगे परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी आयोग की ओर से दी जाएगी।

## डीएम ने की जनगणना की शुरुआत 31 मई तक घर-घर होगा सर्वे

**पटना, एजेंसी।** देश में जनगणना का काम तेजी से किया जा रहा है। इस बीच बिहार की बात करें तो, आज से घर-घर सर्वे की शुरुआत हो गई है। पटना में डीएम डॉ। त्यागराजन एस। एम। ने जनगणना की औपचारिक तौर पर शुरुआत की। डीएम शनिवार को दानापुर के रामजीचक (दीघा) पहुंचे, जहां उन्होंने सर्वे किया। पहले फेज में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

इन दौरान जिला स्तरीय समारोह का जिलाधिकारी डॉ। त्यागराजन एस। एम। ने उद्घाटन किया। उन्होंने जनगणना के महत्व पर जोर डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया देश की विकास योजनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है। कार्यक्रम में डीडीसी श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, एसडीओ अनिरुद्ध पांडेय, बीडीओ आलोक कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना कार्य को सुचारू और कुशलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से पटना जिले को दो प्रशासनिक इकाइयों में विभाजित किया गया है। पटना नगर निगम क्षेत्र की जिम्मेदारी नगर आयुक्त को सौंपी गई है, जबकि बाकी के जिले, जिसमें ग्रामीण इलाके औरअन्य नगर निकाय शामिल हैं, के कुल 40 चार्जों का दायित्व जिला पदाधिकारी स्वयं 'प्रधान जनगणना अधिकारी' के रूप में निभा रहे हैं।

जनगणना के सफल संचालन के लिए जिले में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। कुल 8,114 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिले के हर घर तक पहुंच संभव हो सके।

ग्राउंड लेवल पर डेटा संग्रहण के लिए 7,963 प्रगणकों की तैनाती की गई है। ये प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी इकट्ठा करेंगे। इसके साथ ही 1,343 पर्यवेक्षक को नियुक्त किया गया है, जो प्रगणकों के कार्य की निगरानी करेंगे और गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 'जनगणना 2027' देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना है। इस बार आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है, जिससे डेटा संग्रहण, संकलन और विश्लेषण की प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी हो सकेगी।



# पाकिस्तानी बोले: वैभव के बैट में एआई चिप लगी है

## सूर्यवंशी का जवाब- भगवान ने लगाकर दी है, उन्होंने ऊपर ही कहा था- इसी का इस्तेमाल करना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे हैं। उनकी बैटिंग की चर्चा अब पाकिस्तान तक पहुंच गई है। पाकिस्तान के क्रिकेट एक्सपर्ट नौमान नियाज का मानना है कि वैभव के बैट में एआई चिप लगा हुआ है, जिसके कारण वह लंबे-लंबे छक्के लगा रहे हैं। इस पर राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वैभव से सवाल पूछा गया- क्या आपके बैट में एआई चिप लगा हुआ है। इसपर वैभव ने कहा, भगवान ने लगा कर दिया है। ऊपर ही बोला था कि बैट में तुम्हारे कुछ लगाकर दे रहा हूं। उसी का इस्तेमाल कर रहा हूं। इधर, आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच खेला जा रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। वैभव सूर्यवंशी 4 रन बनाकर आउट हो गए हैं। काइल जैमिसन ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

### 36 गेंद में शतक, आईपीएल इतिहास में तीसरे सबसे तेज

15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में 103 रन बनाकर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ दिया। इस धमाकेदार पारी में उन्होंने 12 छक्के और 5 चौके लगाए। सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 30 गेंद पर शतक लगाया था। इसके अलावा वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय भी हैं।

# 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आक्रामक सेंड-ऑफ पड़ा भारी, काइल जैमीसन पर बीसीसीआई का एक्शन

**जयपुर (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के दौरान अनुशासनहीनता पर कड़ा रुख अपनाते हुए देहली केपीटल के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को चेतावनी दी है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आक्रामक अंदाज़ में सेंड-ऑफ देने के कारण जैमीसन को एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया।

### क्या था पूरा मामला?


यह घटना जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान हुई। पहली पारी के दूसरे ओवर में जैमीसन ने वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जश्न मनाते हुए उनके बेहद करीब जाकर आक्रामक व्यवहार किया। यह रवैया आईपीएल के आचार संहिता के खिलाफ माना गया। आईपीएल के बयान के अनुसार, जैमीसन ने आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन किया, जो ऐसे व्यवहार से जुड़ा है जो किसी खिलाड़ी को उकसा सकता है या अपमानजनक हो सकता है।





### कैसे आउट हुए सूर्यवंशी?

दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर सूर्यवंशी ने जैमीसन को लॉन्ग-ऑफ पर चौका लगाया। लेकिन अगली ही गेंद पर जैमीसन ने लो फुलटॉस डाली, जिस पर बल्लेबाज़ सही तरीके से शॉट नहीं लगा सके। गेंद बल्ले का किनारा लेकर पैड से टकराई और स्टंप्स पर जा लगी। सूर्यवंशी सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए।



# केएल राहुल का धमाका

## आईपीएल में भारतीय ओपनर के तौर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की

**जयपुर (एजेंसी)।** देहली केपीटल्स ने आईपीएल 2026 में राजस्थान रायल को जयपुर के संवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 7 विकेट से हराकर दमदार जीत दर्ज की। इस हाई-स्कोरिंग मैच में टीम ने 226 रन का बड़ा लक्ष्य हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया।

**केएल राहुल ने रचा इतिहास** – इस मुकाबले में के एल राहुल ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह आईपीएल इतिहास में 200 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन गए हैं। राहुल ने इस मैच में शानदार अर्धशतक जड़ा, जिसमें उन्होंने 5 छक्के और 6 चौके लगाए और इसी दौरान यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया।

**ओपनर के रूप में राहुल के शानदार आंकड़े** – राहुल ने ओपनर के तौर पर खेले गए 112 मैचों में 4,851 रन बनाए हैं। औसत- 50.01, स्ट्राइक रेट- 141.38, शतक- 6, अर्धशतक- 39, चौके- 433, छक्के- 203.

**वॉर्नर और गेल के खास क्लब में शामिल** – राहुल अब इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले तीसरे ओपनर बन गए हैं। उन्होंने डेविड वार्नर और क्रिस गेल जैसे दिग्गजों के क्लब में जगह बनाई। क्रिस गेल- 326 छक्के, डेविड वॉर्नर- 210 छक्के।

- **राहुल-निसांका की साझेदारी से मिली मजबूत शुरुआत** – राहुल (75 रन, 40 गेंद) और पथुम निसांका (62 रन, 33 गेंद) के बीच 110 रन की तेज साझेदारी ने लक्ष्य का पीछा आसान बना दिया। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (18*) और आशुतोष शर्मा (25*) ने टीम को 5 गेंद शेष रहते जीत दिला दी।

### रिकॉर्ड चेज और पॉइंट्स टेबल अपडेट

यह दिल्ली कैपिटल्स के आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। टीम ने 5 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया इस जीत के साथ दिल्ली ने सीजन की चौथी जीत दर्ज की और अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। वहीं राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों में 6 जीत के साथ चौथे स्थान पर कायम है।

# लक्ष्य सेन ने मैच प्वाइंट बचाया, भारत को चीनी ताइपे पर दिलाई बढ़त

**होर्सेंस (डेनमार्क) (एजेंसी)।** स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकप्ले और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला। चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

# बल्लेबाजी क्रम में क्यों रोके गए डोनोवन फरेरा? रियान पराग ने बताई आरआर की रणनीति

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रियान पराग ने राजस्थान रायल की हार के बाद रणनीति पर सफाई देते हुए कहा, यह फैसला पूरी तरह सोच-समझकर लिया गया था। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाए रखना जरूरी था, ताकि स्पिनर्स के खिलाफ रन गति बनी रहे। उन्होंने आगे कहा, हम चाहते थे कि मिडिल ओवर्स में स्थिरता बनी रहे और बाद में आक्रामक बल्लेबाजी की जाए।

**फरेरा को रोकने के पीछे थी खास प्लानिंग** – पराग ने डोनोवन फरेरा को देर से भेजने पर कहा, च्हमने सोचा कि उनके लिए सही समय आखिरी ओवर होंगे, जब तेज गेंदबाज गेंदबाजी करेंगे और वह शुरुआत से ही बड़े शॉट खेल सकें। उन्होंने जोड़ा, योजना यह थी कि पहले 8-9 रन प्रति ओवर निकाले जाएं और फिर डेथ ओवर्स में पूरी तरह हमला किया जाए।

**मिडिल ओवर्स में गेंदबाजी ने बिगाड़ा खेल** – दिल्ली केपीटल्स के खिलाफ हार पर पराग ने माना, मुझे लगता है कि हमने मिडिल ओवर्स में काफी खराब गेंदबाजी की और यहीं मैच हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा, हमने एक ही ओवर में ज्यादा रन दे दिए और यह सिलसिला बार-बार दोहराया गया, जो हमारे लिए नुकसानदायक साबित हुआ।


# डियर साप्ताहिक लॉटरी मुंबई निवासी ने ₹1 करोड़ जीते



मुंबई, महाराष्ट्र से श्री क्रिस हरीश जैन

ने **07.02.2026** को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर ₹1 करोड़ जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर **66E 70547** है। उन्होंने नागालैंड स्टेट लॉटरीज के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार–विजेता टिकट जमा कर दी है। "जब मुझे डियर लॉटरी से एक करोड़ रुपए जीतने का सुसमाचार मिला तो मैं खुशी के चरम पर पहुंच गया। मैंने कुछ रुपए खर्च कर अपनी किस्मत आजमाई थी। यह अवसर देने के लिए मैं डियर लॉटरी और नागालैंड स्टेट लॉटरीज के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं," विजेता ने कहा।

*विजेता का विवरण सरकारी वेबसाइट से लिया गया है।



# पंजाब स्टेट डियर 200 मंथली लॉटरी

टिकट मूल्य ₹200

प्रथम पुरस्कार विजेता के लिए राशि

₹1.50 करोड़ गारंटीड

ड्रॉ दिनांक 06.06.2026 6 PM Onwards

SELLER Prize Amount : ₹10 LAKHS

SUB-STOCKIST Prize Amount : ₹5 LAKHS

प्रथम पुरस्कार केवल बिक्री की गयी टिकटों में से ही निकाली जायेगी।

LIVE STREAMING www.punjabilotteries.com/livedraw

द्वितीय पुरस्कार राशि विजेताओं के लिए ₹20 लाख (₹10 Lakhs x 2 Prizes)

Seller Prize Amount : ₹1,00,000

Sub-Stockist Prize Amount : ₹50,000

तृतीय पुरस्कार राशि विजेताओं के लिए ₹10 लाख (₹5 Lakhs x 2 Prizes)

Seller Prize Amount : ₹50,000

Sub-Stockist Prize Amount : ₹20,000

कई अन्य आकर्षक पुरस्कार जीतें

| Rank | No. of Prizes | Prize Amount for Winners ₹ | Prize Amount for Sellers ₹ | Prize Amount for Sub-Stockist ₹ | Method of Draw |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1,50,00,000 | 10,00,000 | 5,00,000 | One Complete Number of 6 Digits shall be drawn Either from Series A or B, If number falls from unsold tickets, then machine shall be re-operated till the prize is drawn from sold tickets. |
| 2 | 2 | 10,00,000 | 1,00,000 | 50,000 | Two Complete Number of 6 Digit Shall be Drawn along with Series. One from A Series & One from B Series |
| 3 | 2 | 5,00,000 | 50,000 | 20,000 | Two Complete Number of 6 Digit Shall be Drawn along with Series. One from A Series & One from B Series |
| 4 | 60 | 9,000 | 900 | 100 | Ten Numbers of 5 Digits Shall be Drawn. (Last 5 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |
| 5 | 120 | 8,000 | 800 | 50 | Two Numbers of 4 Digits Shall be Drawn. (Last 4 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |
| 6 | 120 | 6,000 | 600 | 50 | Two Numbers of 4 Digits Shall be Drawn. (Last 4 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |
| 7 | 300 | 4,000 | 400 | 30 | Five Numbers of 4 Digits Shall be Drawn. (Last 4 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |
| 8 | 300 | 2,000 | 200 | 20 | Five Numbers of 4 Digits Shall be Drawn. (Last 4 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |
| 9 | 30,000 | 300 | 30 | 10 | Five Hundred Numbers of 4 Digits Shall be Drawn. (Last 4 Digits of Ticket Numbers will be considered, Common to All Series) |

★ Prize Amount for Sellers & Sub-Stockists above ₹ 10,000 should be claimed from Government only

★TDS 2% UNDER SECTION 393(3) IT ACT 2025 SHALL BE DEDUCTED ON SELLERS PRIZE AMOUNT W.E.F. 01.04.2026

Issued by : Directorate of Small Savings, Banking and Lotteries, Punjab

₹ 1.50 करोड़ के हालिया विजेता



DEAR 200 MONTHLY — Mr. KAPIL DEV, Draw Date: 07.03.2026, Ticket No. 794994

DEAR 200 MONTHLY — Mrs. VAISHALI TUSHAR DESHMUKH, Draw Date: 08.03.2025, Ticket No. 545595

DEAR 200 MONTHLY — Mr. HARJIT SINGH, Draw Date: 04.02.2025, Ticket No. 746535

DEAR 200 MONTHLY — Mr. BIBHUTI KUMAR RAI, Draw Date: 07.01.2025, Ticket No. 308196

DEAR 200 MONTHLY — Mr. MANGAL SINGH, Draw Date: 03.12.2024, Ticket No. 347063

पूछताछ के लिए, कॉल करें (टोल फ्री) : 1800 103 6711 (पश्चिम बंगाल) टिकट सभी लॉटरी काउन्टरों पर उपलब्ध हैं


स्वत्वाधिकारी एल.एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक ममता वाजयपेयी द्वारा 4,केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता -15 से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रेरक संपादकः राजेन्द्र नारायण वाजपेयी । **संपादक : रितेश वाजपेयी।**
Phone: 2236-1572,4800 9234, E-mail-bharatmitral@gmail.com, Fax No.-033-3315-1533, **हवाई शुल्कः** अगरतला 6 रुपये,गुवाहाटी 5 रुपये, पोर्टब्लेयर 8 रुपये। प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद कलकत्ता उच्च न्यायालय के अधीन